संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -187 बुधवार,10 मई 2023,पृष्ठ - 8+4 मूल्य 2 रूपये

# कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग आज

» आज 10 मई को कर्नाटक में किया जाएगा मतदान

» प्रचार अभियान थम गया था 8 मई को ही

**बैंगलोर,09 मई 2023 (ए)।** कर्नाटक में आज मतदान होना है जिसके लिए सभी की बूथ पर पैनी नजर होगी। वहीं कांग्रेस और बीजेपी के लिए परीक्षा की घड़ी बनी हुई है । शिगगांव, कनकपुरा, चन्नापटना और शिकारीपुरा में कांटे की टक्कर दिखाई पड़ती नजर आ रहीहै। विधानसभा चुनाव के लिए आज 10 मई को कर्नाटक में मतदान किया जाएगा। इसके लिए चुनाव आयोग ने खास तैयारी की है। यहां कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही दलों के लिए शिगगांव, कनकपुरा, चन्नापटना और शिकारीपुरा में कांटे की टक्कर है। अब हर किसी को आज बुधवार 10 मई को मतदान का इंतजार है।




कर्नाटक विधानसभा के चुनाव के लिए प्रचार अभियान कल सोमवार 8 मई को थम गया था। लोकसभा चुनावों से पहले कर्नाटक का चुनाव

## कर्नाटक के कुछ खास बूथों पर होगी पैनी निगाह

कांग्रेस और बीजेपी के लिए किसी परीक्षा से कम नहीं है। कर्नाटक में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस और जनता दल सेक्युलर ने टक्कर देने के लिए खूब मेहनत की। वहीं, इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों का सेमीफाइनल भी माना जा रहा है।

### कर्नाटक विधानसभा, कुल मतदाता और सीट

कर्नाटक में कुल 224 विधानसभा सीटें हैं। इन 224 विधानसभा सीटों में से 36 अनुसूचित जाति और 15 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। इसके लिए आज यानी 10 मई को वोटिंग होगी और नतीजे 13 मई को सामने आएंगे। यहां कुल 5.21 करोड़ मतदाता हैं। जिनमें 2.59 महिला और 2.62 करोड़ पुरुष मतदाता हैं। वहीं, 16,976 मतदाता 100 से अधिक आयु के हैं। इसके साथ ही 4,699 ट्रांसजेंडर हैं और 9.17 लाख पहली बार के वोट करेंगे। चुनाव आयोग कमजोर आदिवासी समूहों और ट्रांसजेंडरों के लिए विशेष बूथ स्थापित करेगा।

### कर्नाटक में कुल बूथ

कर्नाटक में वोटिंग के लिए कुल 58,282 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 28,866 शहरी क्षेत्रों में आते हैं। चुनाव आयोग ने संवेदनशील बूथों की पहचान कर विशेष व्यवस्था की है। इसके साथ ही पहली बार चुनाव आयोग ने 80 वर्ष से ज्यादा और विकलांग लोगों के लिए घर से मतदान करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई है।

### इन विधानसभा क्षेत्र पर है पैनी निगाहें

**शिगगांव**मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई शिगगांव निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं।

**कनकपुरा** इस सीट से कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार चुनाव मैदान में हैं।

**चन्नापटना** यहां कर्नाटक के दो बार के मुख्यमंत्री रहे एचडी कुमारस्वामी चुनाव लड़ेंगे। कर्नाटक में जेडीएस अपने आप को किंगमेकर बताती रही है।

**शिकारीपुरा** इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के बेटे बीवाई विजयेंद्र को अपना प्रत्याशी बनाया है।

# मध्यप्रदेश के खरगोन में हुआ बड़ा हादसा

» रेलिंग तोड़ पुल से नीचे गिरी बस; 20 लोगों की मौत, कई घायल

**खरगोन ,09 मई 2023 (ए)।** मध्य प्रदेश के खरगोन में बड़ा हादसा होने का समाचार है। यहां एक 50 फीट ऊंचे पुल से यात्रियों से भरी हुई बस सूखी नदी में नीचे गिर गई। हादसे में 25 लोगों के घायल होने के साथ ही लगभग 20 से अधिक मौतों की सूचना मिल रही है। 15 यात्रियों की मौत की आधिकारिक पुष्टि की जा चुकी है। राज्य सरकार ने हादसे में घायल लोगों के मुफ्त इलाज के साथ ही मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे का भी ऐलान कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह एक बस इंदौर की ओर जा रही थी। बस खरगोन में खरगोन टेमला मार्ग पर दसंगा के पास ही पहुंची थी कि चालक नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित बस पुल से नीचे जा गिरी। बस के पुल से नीचे गिरने के बाद तेज आवास सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बस में फंसे यात्रियों को निकालना शुरू कर दिया और हादसे की जानकारी पुलिस को भी दी। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस भी एक्टिव मोड में आ गई। तुरंत ही मौके की ओर एम्बुलेंस रवाना की गई और पुलिस



टीम भी भेजी गई। पुलिस और एम्बुलेंस के मौके पर पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने कई घायलों को ट्रैक्टर ट्रॉली से नजदीकी अस्पताल भेजा। डॉक्टर्स ने 14 लोगों को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में खरगोन के पुलिस अधीक्षक (एसपी) धर्मवीर सिंह ने कहा था कि हादसे में 14 लोगों की मौत हुई है जबकि करीब 20 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि इंदौर की ओर जा रही बस में करीब 50 लोग सवार थे। बाद में एक घायल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया जिसके बाद मृतकों की तादाद बढ़कर 15 हो गई। घायलों की संख्या भी 25 पहुंच गई है।

मध्य प्रदेश सरकार ने खरगोन बस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को मुआवजे का ऐलान कर दिया है। सरकार ने इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया है। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को 50 हजार और अन्य घायलों को भी 25 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

मध्य प्रदेश सरकार ने हादसे में घायल हुए लोगों के मुफ्त इलाज का भी आदेश दिया है। हादसे का शिकार हुई बस से सभी यात्रियों को निकाल लिया गया है। घायलों का उपचार नजदीकी अस्पतालों में चल रहा है। हादसे के कारणों के संबंध में अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन तेज रफ्तार को इसकी वजह माना जा रहा है।




## आईपीएस अवार्ड के लिए दिल्ली में डीपीसी

» इन अधिकारियों के नामों पर होगा विचार

**रायपुर ,09 मई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में राज्य पुलिस सेवा के 7 अधिकारियों को आईपीएस अवार्ड के लिए 1 जून को दिल्ली में डीपीसी की बैठक बुलाई गई है। इसमें डीएस मारवी, मनोज खिलारी, प्रफुल्ल ठाकुर, रवि कुमार कूर्रे, सीडी टंडन, एसआर भगत समेत जेआर ठाकुर के नामों पर विचार किया जाएगा। इस बैठक में डीजीपी अशोक जुनेजा, गृह सचिव मनोज पिंगुवा और एक यूपीएससी सदस्य शामिल होकर इन नामों पर विचार करेंगे। बता दें कि ये सभी अधिकारी इस समय एसपी स्तर के ही पदों पर कार्य कर रहे हैं, इसलिए इन सभी का आई पीएस अवार्ड निश्चित माना जा रहा है।

# कर्नाटक में नई आरक्षण नीति फिलहाल लागू नहीं होगी


» सुप्रीमकोर्ट ने सुनाया फैसला

**नई दिल्ली ,09 मई 2023 (ए)।** कर्नाटक में मुस्लिमों को प्राप्त 4 फीसदी आरक्षण को खत्म करने के मामले में सुनवाई करते हुए आज यानी मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कर्नाटक में नई आरक्षण नीति फिलहाल लागू नहीं होगी। इसके पहले सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि कर्नाटक सरकार का मुस्लिमों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण खत्म करने का फैसला 9 मई तक लागू नहीं होगा क्योंकि राज्य ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है।

न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की पीठ ने कहा था कि मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का पिछली सरकार का फैसला 9 मई तक जारी रहेगा। 9 जुलाई को राज्य सरकार द्वारा दी जाने



वाली दलीलों पर बिना किसी पूर्वाग्रह के, इस मामले की आगे की सुनवाई की जाएगी। राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई शुरू होने पर कहा कि वह दिन में जवाब दाखिल करेंगे।



## श्रद्धा की हत्या कर सबूत मिटाने के लिए शव के टुकड़े-टुकड़े किए

» दिल्ली की अदालत ने आफताब पर तय किए आरोप

**नई दिल्ली ,09 मई 2023 (ए)।** दिल्ली के महरौली में हुए श्रद्धा वालकर हत्या केस में साकेत कोर्ट ने आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ हत्या, सबूत गायब करने के आरोप तय कर दिए हैं। आफताब ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा का गला रेतकर उसे मौत के घाट उतार दिया था और शव के 35 टुकड़े कर दिए थे। टुकड़ों को उसने दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में फेंका था। साथ ही उसने ग्राइंडर से हड्डियों को पीसा था, जिन्हें ठिकाने लगाया था।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आफताब से कहा कि आपको आरोप पढ़कर सुनाया जा रहा है। अदालत ने कहा कि 18 मई 2022 को सुबह 6:30 बजे के बाद आपने श्रद्धा वॉल्कर की हत्या की। यह आईपीसी की धारा 302 के तहत दंडनीय अपराध है। अदालत ने आगे कहा कि 18 मई से 18 अक्टूबर के बीच, सबूत मिटाने के इरादे से आपने उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर दिए और शरीर को जगह-जगह ठिकाने लगा दिया, यह सबूत गायब करने का अपराध हुआ।

# टेरर फंडिंग केस में एनआईए का बड़ा एक्शन

» कश्मीर से तमिलनाडु तक ताबड़तोड़ छापेमारी

**नई दिल्ली ,09 मई 2023 (ए)।** टेरर फंडिंग करने वालों के खिलाफ राष्टीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर और तमिलनाडु में कई जगह छापे मारे हैं। सूत्रों के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में एनआईए ने आज श्रीनगर, कुपवाड़ा, अनंतनाग, राजौरी, पुंछ और शोपियां में छापे मारे हैं। तमिलनाडु में भी टेरर फंडिंग के खिलाफ 10 जगह एनआईए के छापे जारी हैं। अब तक इन छापों में किसी को हिरासत में लेने या गिरफ्तारी की खबर नहीं आई है। बता दें कि, इससे पहले 2 मई को भी जम्मू-कश्मीर के छह जिलों में 12 जगहों पर, पीर पंजाल क्षेत्र, मध्य और दक्षिण कश्मीर में विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली गई थी। बताया जा रहा है कि छापे आतंकवादी और विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए आपराधिक साजिश का पता लगाने के लिए उग्रवाद नेटवर्क और अन्य मामलों पर एक बड़ी कार्रवाई का हिस्सा हैं।




इसके अलावा तमिलनाडु में भी एनआईए का 10 से ज्यादा लोकेशन पर सर्च ऑपरेशन जारी है। खबर है कि जांच एजेंसी पीएफआई से जुड़े कुछ लोगों और लीडरों के ठिकानों पर रेड मार रही है। ये रेड इस मामले में पहले से दर्ज एफआईआर की जांच के दौरान की जा रही है।

दरअसल, इसके पहले हुई कार्रवाई के दौरान पीएफआई के देशभर से 106 ज्यादा सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था।

पीएफआई को लेकर कई ऐसे दस्तावेज सामने आने की बात सामने आ रही है, जिसमे पीएफआई के आतंकी संगठन के रूप में काम करने के आरोप सामने आ रहे हैं। इसी को लेकर एएनआई की कार्रवाई जारी है। इससे पहले 25 अप्रैल को उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश समेत अन्य राज्यों के करीब 17 लोकेशन पर एनआईए ने एक साथ रेड डाली थी। इससे पहले एनआईए ने हिजबुल मुजाहिदीन के सरगना सैयद सलाहुद्दीन के दो बेटों के जम्मू कश्मीर के बडगाम और श्रीनगर जिलों में स्थित एक मकान और दो कनाल जमीनों को कुर्क कर दिया था।

# 5 नक्सलियों ने हथियार डाले

» किसी पर 10, किसी पर 5 लाख का था इनाम

**रांची ,09 मई 2023 (ए)।** दस लाख के इनामी माओवादी नक्सली अमरजीत यादव उर्फ टिंगू सहित पांच बड़े नक्सलियों ने रांची में झारखंड पुलिस के समक्ष हथियारों के जखीरे के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। नक्सलियों ने दो एके-56, एक एसएलआर, एक इंसास राइफल, चार मार्क-2 राइफल, 41 मैगजीन, 1856 कारतूस, 16 वायरलेस सेट और आईईडी बनाने की सामग्री पुलिस को सौंपी है।




10 लाख का इनामी अमरजीत बिहार के गया जिला अंतर्गत बाराचट्टी का रहने वाला है। उसके खिलाफ झारखंड के अलावा बिहार में दर्जनों वारदात दर्ज हैं। माओवादी संगठन में उसका ओहदा जोनल कमांडर का था। अमरजीत के अलावा जिन नक्सलियों ने हथियार डाले, उनमें पांच लाख का इनामी सब जोनल कमांडर चतरा जिले का राजपुर निवासी सहदेव यादव उर्फ लटन, गया जिले का बाराचट्टी निवासी सब-जोनल कमांडर नीरू यादव उर्फ सलीम और चतरा के कुंदा का रहने वाले अशोक बैगा उर्फ अशोक परहिया शामिल है।

नक्सलियों के सरेंडर के मौके पर झारखंड पुलिस के आईजी अभियान ए.वी. होमकर, हजारीबाग के डीआईजी नरेंद्र सिंह, चतरा एसपी राकेश रंजन और सीआरपीएफ के कई बड़े अफसर मौजूद रहे।

अधिकारियों ने दावा किया झारखंड में नक्सली संगठनों का अब लगभग खात्मा हो चला है। ज्यादातर बड़े नक्सलियों ने या तो सरेंडर कर दिया है या मारे गए हैं या गिरफ्तार कर लिए गए हैं। रविवार देर रात को लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र की पुलिस ने दो लाख के इनामी माओवादी काजेश गंझू को देसी कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

# समलैंगिक विवाह पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा,क्या किसी को शादी करने का मौलिक अधिकार है ?

**नई दिल्ली ,09 मई 2023 (ए)।** सेम सेक्स मैरिज के मुद्दे पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूछा कि क्या किसी को शादी करने का मौलिक अधिकार है, या क्या शादी करने का कोई मौलिक अधिकार नहीं है और इस बात पर जोर दिया कि संविधान खुद परंपरा तोड़ता है। भारत के चीफ जस्टिल डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने मध्य प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से पूछा, समान लिंग के मुद्दे को भूल जाइए, क्या किसी को शादी करने का मौलिक अधिकार है?



द्विवेदी ने कहा कि अब तक शादी दो विषम लैंगिक व्यक्तियों के बीच होती आई है। बेंच में शामिल जस्टिस एस.के. कौल, एस. रवींद्र भट, हिमा कोहली और पी.एस. नरसिम्हा ने कहा कि यह विषमलैंगिकता पर नहीं है, क्या इस देश के किसी भी नागरिक को ये अधिकार है? हमने इतने सारे अधिकार खोज लिए हैं।

न्यायमूर्ति भट ने पूछा- क्या यह अनुच्छेद 21 का हिस्सा है या इसका हिस्सा नहीं है? फ्री स्पीच का अधिकार, संगठन बनाने का अधिकार.. कोई अधिकार अपने आप में पूर्ण नहीं है। अगर हम उस आधार से शुरू करते हैं। क्या जीवन के अधिकार में शादी करने का अधिकार है? पीठ ने द्विवेदी से बहस इस विषय पर शुरू नहीं करने को कहा कि समान लिंग के लोगों को शादी करने का अधिकार नहीं है। द्विवेदी ने कहा कि विषमलैंगिक जोड़ों को अपने रिवाज, व्यक्तिगत कानून और धर्म के अनुसार शादी करने का अधिकार है और यही उनके अधिकार की नींव है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, इसलिए, आप इस तथ्य को स्वीकार करते हैं कि संविधान के तहत शादी करने का अधिकार है, लेकिन यह केवल आपके अनुसार विषमलैंगिक व्यक्तियों तक ही सीमित है।



# कैप्टन राकेश टीआर,लेफ्टिनेंट कमांडर मृत्युंजय को शौर्य चक्र

## कैप्टन टीआर ने पीएम मोदी रैली में अपनी जान जोखिम में डालकर एक फिदायीन हमले से बचाया था

**नई दिल्ली ,09 मई 2023 (ए)।** भारतीय सेना के पैरा स्पेशल फोर्स के कैप्टन राकेश टीआर को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कैप्टन राकेश को ये सम्मान 75 गणतंत्र दिवस पर घोषित किए गए वीरता पुरस्कारों के लिए मंगवार को आयोजित एक समारोह में दिया। कैप्टन राकेश टीआर ने 24 अप्रैल 2022 को जम्मू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर एक फिदायीन हमले से बचाया था। जिसके लिए उन्हें ये वीरता पुरस्कार दिया गया। कैप्टन राकेश टीआर के अलावा मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रक्षा अलंकरण समारोह (चरण-1) के दौरान सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की पुलिस के कर्मियों को सम्मानित किया। महामहिम ने वीरता पुरस्कारों में कुल 8 कीर्ति चक्र प्रदान किए। जिनमें पांच कीर्ति चक्र के सम्मान मरणोपरांत शहीदों को दिए गए। जबकि 29 शौर्य चक्र के सम्मान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए। इसमें भी 5 शहीदों को मरणोपरांत सम्मानित किया गया।

भारतीय सेना के पैरा स्पेशल फोर्स के कैप्टन राकेश टीआर 24 अप्रैल 2022 को जम्मू में पीएम मोदी की रैली में लोगों को मौत के मुंह में जाने बचाया था। कैप्टन ने अपने अदम्य शौर्य और देश के निष्ठा का परिचय देते हुए अपनी ड्यूटी के आगे जान की परवाह नहीं और एक बड़े फिटायीन अटैक की योजना को विफल कर दिया था।

## संपादकीय

### भटके विमर्श का नतीजा

इस सारे विवाद की जड़ में पहचान की राजनीति और उस सियासत से जुड़े फायदे हैं। लेकिन ऐसी राजनीति में विभिन्न समुदायों के बीच टकराव खड़ा होना लाजिमी होता है। मणिपुर में वैसा ही टकराव देखने को मिला है।

मणिपुर की घटनाओं ने आखिरकार पूरे देश का ध्यान खींचा है। वैसे तो मणिपुर पूरे अप्रैल में सुलगता रहा, लेकिन राष्ट्रीय मीडिया ने उसकी खबर नहीं ली। जब बीते हफ्ते वहां हिंसा की आग भड़क उठी, तब सबका ध्यान उस ओर गया। जबकि वहां जो हिंसा देखने को मिली है, उसकी जड़ तो मार्च में ही पड़ चुकी थी। राज्य के बहुसंख्यक मैतेयी और आदिवासी समुदाय के बीच तनाव की जड़ें पुरानी है। मार्च में हा ईकोर्ट के एक फैसले ने इस तनाव को और बढ़ा दिया। गैर-आदिवासी मैतेयी समुदाय की आबादी राज्य में करीब 53 फीसदी है। यह समुदाय लंबे अरसे से अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग कर रहा है। मैतेयी समुदाय की दलील है कि अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिलने के बाद वे लोग राज्य के पर्वतीय इलाकों में जमीन खरीद सकेंगे। फिलहाल वे लोग मैदानी इलाको में तो जमीन खरीद सकते हैं, लेकिन पर्वतीय इलाको में जमीन खरीदने का उनको अधिकार नहीं है। आदिवासी समुदाय उसकी इस मांग का विरोध करता रहा है।

आदिवासी संगठनों का कहना है कि ऐसा होने पर मैतेयी समुदाय उसकी जमीन और संसाधनों पर कब्जा कर लेगा। आदिवासी संगठनों को चिंता है कि अगर मैतेयी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिल गया को सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों से आदिवासियों को वंचित होना पड़ेगा। राज्य की कुल आबादी में 40 फीसदी आदिवासी हैं। इनमें नागा और कुकी समुदाय भी शामिल है। जाहिर है, इस सारे विवाद की जड़ में पहचान की राजनीति और उस सियासत से जुड़े फायदे हैं। लेकिन ऐसी राजनीति में विभिन्न समुदायों के बीच टकराव खड़ा होना लाजिमी होता है। फिलहाल, उसका ही एक नतीजा मणिपुर में देखने को मिला है। उचित ही भाजपा की राजनीति सामुदायिक पहचान केंद्रित राजनीति को इस हाल के लिए एक हद तक जिम्मेदार माना गया है। आरोप है कि पार्टी चुनाव के समय तो तमाम आदिवासी संगठनों के नेताओं को दिल्ली बुलाकर उनसे ऊंचे वादे करती हैं। लेकिन चुनाव बाद उन्हें अपने हाल पर छोड़ दिया जाता है। उससे आदिवासी नाराज रहे हैं। हाई कोर्ट के निर्णय के बाद वो नाराजगी उबल पड़ी है।



## माँओं के नाम रहा
### प्रभा श्री काव्य गोष्ठी का मंच

काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन (काशी) के संयुक्त तत्वावधान में पूरी भव्यता के साथ एक और कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) के संस्थापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार राजसागर, संस्कार प्रभा की निदेशक प्रख्यात साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती (मुंबई) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन की निदेशक जानी मानी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) के संयुक्त प्रयासों से हर रविवार को होने वाले ऑनलाइन कवि सम्मेलन में देश के ही नहीं अपितु विदेशों से भी अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकारों का प्रतिभाग रहा करता है। साथ ही नवांकुरों को मंच प्रदान कर उनकी साहित्यिक प्रतिभा को निखारने का भी कार्य किया जाता है। गत रविवार 07 मई के इस कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के नाम प्रदीप बहराइची (बहराइच), पदम गौतम (धौलपुर), डॉ0 मीणा शर्मा (दिल्ली), अनुराधा चन्दर (न्यू यॉर्क), रत्ना वर्मा (धनबाद), रुखसाना बानो (मिर्ज़ापुर) सभी ने अपनी अप्रतिम रचनाओं से अद्भुत काव्य की धारा बहायी। विविध विधाओं में सभी ने विभिन्न विषयों पर काव्य पाठ किया। साथ ही साथ सभी ने एक स्वर में प्रभा श्री के इस अद्भुत अनवरत मंच की भूरी भूरी प्रशंसा की । श्रोता दीर्घा से सुधांशु यादव (आगरा) ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी । तत्पश्चात मुंबई की जानी मानी वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती ने अपने बहुमूल्य आशीर्वचन प्रदान किये । मंच की श्रेष्ठ और सफलतम संचालिका कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) ने बताया कि विगत चार वर्षों में सौ किताबें प्रकाशित की जा चुकीं, तथा मंच पर 10 हज़ार से अधिक रचनाकार प्रतिभाग करते हुए सम्मानित हो चुके यह मंच पूर्णतः उनके पिता स्वश्र प्रभा शंकर अवस्थी जी को समर्पित है। प्रभा श्री ग्रूप के अंतर्गत सभी कार्य उनकी स्मृति में उन्हीं की प्रेरणा से आयोजित किये जाते हैं, प्रभा श्री की प्रभा अंधेरों से उजालों की ओर बढ़ने को प्रेरित करती है, नकारात्मकता में भी सकारात्मकता का प्रसार करती है। इसी प्रकार तालियों के बीच प्रियंका गीत के ही द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी
उत्तरप्रदेश

# कर्नाटक की राजनीति के महत्वपूर्ण केन्द्र रहे हैं मठ

10 मई को कर्नाटक की कुल 224 विधानसभा सीटों पर होने जा रहे विधानसभा चुनाव पर पूरे देश की नजरें केन्द्रित हैं कि यहां कौन किस पर कितना भारी साबित होता है। सभी दलों द्वारा अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को लुभाने के लिए हर प्रकार की कोशिशें और हर तरह की जोर आजमाइश की जा रही है। विधानसभा में इस बार भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है, वहीं, जेडीएस भी अपना वोटबैंक बनाए रखने के भरपूर प्रयास कर रहा है। इस बार का चुनावी परिदृश्य इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि चुनावी मैदान में किस्मत आजमा रहे प्रमुख दलों कांग्रेस, भाजपा और जेडीएस द्वारा स्थानीय समस्याओं और जमीनी मुद्दों को दरकिनार कर साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण, जातिगत समीकरण, कट्टर हिन्दुत्व बनाम उदार हिन्दुत्व और क्षेत्रीय अस्मिता जैसे भावनात्मक और अति राष्ट्रवाद जैसे मुद्दों को ज्यादा हवा दी जा रही है।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव का परिणाम क्या होगा, यह तो 13 मई को पता चल ही जाएगा लेकिन इस बार जिस प्रकारि लंगायत तथा अन्य धार्मिक मुद्दे जोर-शोर से उछाले गए हैं, उसके मद्देनजर प्रदेश में जातीय अथवा सामुदायिक आधार पर स्थापित मठों की राजनीति में सक्रिय भूमिका पर नजर डालना बेहद जरूरी है। दरअसल सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं का ध्यान मठों और संतों पर केन्द्रित है और सभी दल विभिन्न मठों में जाकर संतों का समर्थन जुटाने की जुगत में लगे हैं। भाजपा हो या कांग्रेस अथवा जेडीएस, सभी राजनीतिक दल मठों के मठाधीशों की कृपा पाने के उद्देश्य से मठों में हाजिरी लगा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिद्धगंगा मठ का दौरा कर चुके हैं जबकि गृहमंत्री अमित शाह ने वोकालिग्गा समुदाय में बहुत अहम स्थान रखने वाले श्री आदिचुंचनगिरी मठ का दौरा किया। दरअसल भाजपा वोकालिग्गा मतदातों को अपनी ओर लाने के प्रयासों में जुटी है। भाजपा की नजरें अनुसूचित जाति, लिंगायत और वोकलिग्गा समुदायों पर केन्द्रित हैं। भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा भी तुमकुरु, दावणगेरे, चित्रदुर्ग जिलों के कई मठों में हाजिरी लगा चुके हैं। दूसरी ओर राहुल गांधी सहित कांग्रेसी नेता भी मठों का समर्थन हासिल करने के लिए मठों में हाजिरी लगाते रहे हैं। वर्तमान में कर्नाटक में करीब 650-700 मठ हैं, जिनकी प्रदेश की राजनीति में सक्रिय भूमिका रही है। इन मठों का प्रदेश की जनता पर विशेष प्रभाव रहा है और यही कारण है कि प्रमुख दलों के नेता प्रदेश के विभिन्न मठों व मंदिरों में जा-जाकर माथा टेक रहे हैं।



दरअसल कर्नाटक के ये मठ प्रदेश की राजनीति के महत्वपूर्ण केन्द्र रहे हैं और राजनीतिक तौर पर इनका भरपूर इस्तेमाल होता रहा है लेकिन प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार देखा जा रहा है कि दोनों प्रमख दलों द्वारा ज्यादा से ज्यादा मठों को अपने पक्ष में करने की होड़ सी लगी हो और ऐसे में चुनाव के दौरान इन मठों के मठाधीशों की भूमिका पर काफी हद तक यह निर्भर करेगा कि सत्ता की चाबी किसके हाथ लगती है। कुल 30 जिलों में विभाजित कर्नाटक में 80 फीसदी से भी अधिक आबादी किसी न किसी रूप में इन मठों से जुड़ी रही है और इन मठों के लोगों पर विशेष प्रभाव का सबसे बड़ा कारण यही है कि प्रदेश में ये मठ हजारों स्कूल-कॉलेजों का संचालन करते हैं और कल्याणकारी योजनाओं के अलावा किसी भी प्रकार की आपदाओं के समय राहत गतिविधियां भी चलाते रहे हैं। यही कारण है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा इन मठों की अनदेखी किया जाना संभव नहीं है।

राजनीतिक दृष्टि से कर्नाटक में सबसे प्रमुख भूमिका लिंगायत-वीरशैव मठों की रही है और उसके बाद नंबर आता है वोक्कालिगा मठों का, तीसरे स्थान पर कुरूबा समुदाय के मठ और फिर अष्ट अथवा उडुपी मठ, ब्राह्मण समुदाय जिनका प्रमुख अनुयायी है। इनके अलावा दलित समुदाय भी प्रदेश के कई मठों से जुड़ा है, जिनमें कोलार का निदुमामिदि मठ, चित्रकुट जिले में स्थित बंजारा गुरूपीठ, बेंगलुरू स्थित मडिगा मठ, मदारा चन्नैया पीठ तथा श्रीमचिदेवा महासंस्थान मठ प्रमुख हैं। इन सभी मठों का अलग-अलग समुदायों में अच्छा खासा प्रभाव है। पिछड़े समुदाय 'कुरूबा' की प्रदेश में करीब आठ फीसदी आबादी है और इनके प्रदेशभर में करीब 80 मठ हैं। यह समुदाय हवेरी जिले में स्थित कागिनेले कनक गुरूपीठ से प्रमुख रूप से जुड़ा है। जहां तक सबसे महत्वपूर्ण लिंगायत समुदाय की बात है तो भाजपा द्वारा मुस्लिमों का आरक्षण खत्म कर लिंगायतों को उसका लाभ देने की घोषणा के पीछे छिपे निहितार्थ स्पष्ट समझे जा सकते हैं।

वैसे लिंगायत समुदाय समय-समय पर हिन्दू धर्म से अलग होने की मांग करता रहा है और इसी मांग को लेकर लिंगायतों ने कुछ साल पहले बीदर में एक बड़ा प्रदर्शन भी किया था, जिसमें कर्नाटक के अलावा महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और केरल के लिंगायतों ने भी हिस्सा लिया था। इन राज्यों में साढ़े तीन हजार से भी ज्यादा लिंगायत-वीरशैव मठ हैं। ये 12वीं सदी के समाज सुधारक बासवन्न के अनुयायी माने जाते रहे हैं। प्रदेश की राजनीति में मठों के राजनीतिक प्रभाव के मद्देनजर लिंगायतों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है। केवल लिंगायतों के ही राज्य में करीब 400 मठ हैं और इस समुदाय की आबादी भले ही महज करीब 17 फीसदी है किन्तु प्रदेश की कुल 224 विधानसभा सीटों में से करीब 100 सीटों पर इनकी प्रभावी भूमिका रहती है। यही कारण है कि लिंगायतों के बड़े वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए सभी राजनीतिक अपने-अपने पासे फैंक रहे हैं। भाजपा 2008 में लिंगायतों की ही मदद से लिंगायतों के कद्दावर नेता माने जाते रहे येदियुरप्पा के नेतृत्व में पहली बार अपनी सरकार बनाने में सफल हुई थी और बाद में येदियुरप्पा के भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरने के बाद 2013 में लिंगायतों का समर्थन न मिलने के चलते भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था।

लिंगायत के अलावा दूसरा प्रमुख समुदाय है वोक्कालिगा, जो आबादी के लिहाज से करीब 12 फीसदी हैं और इस समुदाय के प्रदेशभर में करीब 150 मठ हैं। इस समुदाय का मुख्य मठ 'आदिचुनचुनागिरी महासंस्थान' है, जो पिछले चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दलों का समर्थन करता रहा है। बहरहाल, अभी दावे के साथ यह कह पाना मुश्किल है कि विधानसभा चुनाव में किस मठ की कृपादृष्टि किस दल पर होती है। हालांकि यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि प्रदेश में सक्रिय सैंकड़ों मठों के कंधों पर सवार होकर कौनसा दल सत्ता की वैतरणी पार करने में कितना सफल होता है।



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़,
नई दिल्ली

# भारत में इतने मिग-21 क्रैश क्यों?

मिग-21 रुस का तैयार एक फाइटर विमान है। इसका इंजन काफी पुराना है और इसके साथ ही इसमें इस्तेमाल किए गए तकनीक भी काफी पुराने हैं। ये एक सिंगल इंजन वाला होता है और इसमें आग भी लग जाती है। इसका इस्तेमाल करने की क्षमता कहीं अधिक है। जांच में सामने आया है कि इसकी खिड़कियों की डिजाइन में भी कुछ गड़बड़ी है, जिसकी वजह क्रैश जैसे हादसे हुए। हालांकि इसे 2025 में रिटायर किया जाएगा। इसने अपनी पहली उड़ान साल 1955 में भरी थी और भारतीय वायु सेना में साल 1963 में शामिल किया गया।

मिग-21 लड़ाकू जहाज, जिन्हें साठ के दशक में तत्कालीन सोवियत संघ (अब रूस) से खरीदा गया था। रूस इस फाइटर प्लेन को 1985 में रिटायर कर चुका है, लेकिन भारतीय सेना में आज भी इन जहाजों का इस्तेमाल हो रहा है। इस जहाज की खासियत रही है कि यह कभी धोखा नहीं देता, बशर्ते इसे पूरी सावधानी एवं सूझबूझ के साथ उड़ाया जाए। 1971 की लड़ाई में इस सुपरसोनिक जहाज की मार से दुश्मन कांप उठा था। ढाका के गवर्नर हाउस पर मिग-21 ने ही अटैक किया था। इसके अलावा पाकिस्तान के साथ 1965 और 1999 की लड़ाई में भी इस लड़ाकू जहाज खुद को साबित कर दिखाया था। अब इस जहाज के क्रैश होने की घटनाएं इतनी ज्यादा हो चली हैं कि इसे उड़ता ताबूत और विधवा बनाने वाला तक कहा जाने लगा है। हालांकि इसका अपग्रेडेशन का काम चल रहा है, ऐसे में क्या अगले दो तीन साल में इसे पूरी तरह से रिटायर कर दिया जाएगा।

मिग-21 बाइसन विमानन इतिहास का पहला सुपरसोनिक जेट विमान है और दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाला फाइटर जेट भी है। जबकि यह 60 साल से अधिक पुराना है, मिग -21 अभी भी चार सक्रिय स्क्वाड्रनों के साथ भारतीय वायु सेना के साथ सेवा में है, और जेनरेशन 3 फाइटर जेट्स से मेल खाने के लिए अपडेट किया गया है। जेट वर्तमान में केवल इंटरसेप्टर के रूप में उपयोग किए जा रहे हैं, लड़ाकू जेट के रूप में सीमित भूमिका के साथ और ज्यादातर प्रशिक्षण अभ्यास के लिए उपयोग किए जाते हैं। मिकोयान-गुरेविच मिग 21 एक सुपरसोनिक जेट लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान है, जिसे सोवियत संघ में मिकोयान-गुरेविच डिज़ाइन ब्यूरो द्वारा डिज़ाइन किया गया है। मिग सोवियत संघ का एक उत्पाद है जिसने 1959 में सेवा में प्रवेश किया था। चार महाद्वीपों पर लगभग 60 देशों ने मिग-21 को उड़ाया है, और यह अपनी पहली उड़ान के छह दशक बाद भी कई देशों की सेवा करता



है। भारत ने 1963 में मिग-21 को शामिल किया और देश में विमान बनाने के लाइसेंस-निर्माण के लिए पूर्ण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और अधिकार प्राप्त किए। 1985 में रूस ने विमान का उत्पादन बंद कर दिया, जबकि भारत ने उन्नत रूपों का संचालन जारी रखा। सोवियत वायु सेना - जिसे विमान को डिजाइन करने का श्रेय दिया जाता है - ने इसे 1985 में सेवा से हटा दिया। तब तक, अमेरिका से लेकर वियतनाम तक के देशों ने विमान को अपनी वायु सेना में शामिल कर लिया था। 1985 के बाद बांग्लादेश और अफगानिस्तान ने इसे सेवा से हटा दिया। भारत के लिए, विमान को 1960 के दशक में वायु सेना में शामिल किया गया था और 1990 के दशक के मध्य में उनकी सेवानिवृत्ति की अवधि पूरी हो गई थी। इसके बावजूद इनका उन्नयन किया जा रहा है। अक्टूबर 2014 में, वायु सेना प्रमुख ने कहा कि पुराने विमानों को सेवा से हटाने में देरी से भारत की सुरक्षा को खतरा है क्योंकि बेड़े के कुछ हिस्से पुराने थे।

इसके अलावा, एक इंजन वाला विमान होने का मतलब है कि यह हमेशा खतरे में रहता है। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना तब बढ़ जाती है जब कोई पक्षी उससे टकराता है या इंजन फेल हो जाता है। इसे अक्सर फ्लाइंग कॉफिन और विडो मेकर कहा जाता है, क्योंकि इसने पिछले कुछ वर्षों में कई दुर्घटनाओं का सामना किया है, जिसमें कई पायलट मारे गए हैं। नए लड़ाकू विमानों को शामिल करना। देरी के कारण, भारतीय वायुसेना को भारत के आसमान की रक्षा के लिए एक निश्चित स्क्वाड्रन ताकत बनाए रखने की कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्वदेशी तेजस कार्यक्रम में देरी, राफेल सौदे के आसपास के राजनीतिक विवाद और धीमी गति वाली खरीद प्रक्रिया का मतलब है कि मिग को अंदर रखा जाना था। सामान्य से अधिक लंबी सेवा, अपनी सेवानिवृत्ति अवधि से परे - 1990 के दशक के मध्य में।

पिछले दस वर्षों में, 108 हवाई दुर्घटनाएं और नुकसान हुए हैं जिनमें सेना के सभी अंग शामिल हैं - भारतीय वायु सेना, नौसेना, सेना और तटरक्षक बल। इनमें से 21 दुर्घटनाओं में मिग-21 बाइसन और इसके वेरिएंट शामिल हैं, हालांकि भारतीय वायुसेना अब ज्यादातर पूर्व में उड़ती है। दुर्घटनाओं की उच्च दर ने विमान को फ्लाइंग कॉफिन% का उपनाम दिया। सैन्य विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने का कोई एक सामान्य कारण नहीं है। वे मौसम, मानवीय त्रुटि, तकनीकी त्रुटि से लेकर पक्षी हिट तक हो सकते हैं। मिग-21 एक इंजन वाला लड़ाकू विमान है, और यह कुछ दुर्घटनाओं का कारण भी हो सकता है। यह सिंगल इंजन फाइटर है और जब यह इंजन खो देता है, तो इसे फिर से शुरू करने की आवश्यकता होती है। अधिक बार यह फिर से रोशनी नहीं करता है लेकिन किसी भी इंजन को फिर से रोशन करने में एक सीमित समय लगता है, इसलिए यदि आप न्यूनतम ऊंचाई से नीचे हैं, तो आपको विमान छोड़ना होगा।

भविष्य के विमान दुर्घटनाओं को रोकना प्रौद्योगिकी के संयोजन और उपयुक्त और पर्याप्त पायलट प्रशिक्षण के उपयोग में निहित है। विमान में ग्राउंड प्रॉक्सिमिटी वार्निंग सिस्टम की स्थापना प्रारंभिक संकेत उत्पन्न करेगी जो सीएफआईटी की शुरुआत के खिलाफ निवारक उपाय करने के लिए उड़ान चालक दल को सचेत कर सकती है। स्थितिजन्य जागरूकता विकसित करने और सही हस्तक्षेप करने के लिए पायलटों के प्रभावी प्रशिक्षण पर पायलट प्रशिक्षण में जोर दिया जाना चाहिए।



**डॉ. सत्यवान सौरभ,**
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,
हरियाणा

## अनपढ़ता की सजा

अरे ! राधिका के पापा जल्दी-जल्दी हाथ चलाओ ना ।बहुत काम बाकी है यह सब करके मुझे बहुत खाना भी बनाना हैं ।आखिरकार हमारी बिटिया को देखने आ रहे हैं। पिछली बार की तरह ना नहीं होनी चाहिए।

रमा बोले जा रही थी। पिछली दफा तो आपके सच की वजह से हमारी बेटी का रिश्ता नहीं हुआ अबकी बार आप बस चुप रहना
सारी बातें मैं करूंगी ।मैंने तो सोच रखा है ,राधिका को पूरी दसवीं पास ही बताऊंगी ।अरे ! राधिका की मां, कुछ तो भगवान से डरो ।इतनी भी झूठ मत बोलो कि आगे बात संभालनी मुश्किल हो जाए ।बाद में पछताना पड़े।

तुम चुप रहो जी, रमा चिल्लाते हुए बोली। हम लड़के का मुंह पैसे से भर देंगे। भले ही शहर में पढ़ कर आया हो । हमारा सब कुछ राधिका का ही है ।*राधिका इकलौती औलाद जो ठहरी हमारी*।

लाडड़ दुलार से पाला है हमने इसे।मेरा काम तुम्हें समझाना था बाकी तुम्हारी मर्जी ।
राजू -मालकिन, साहब सही बोल रहे है ।झूठ के दम पर रिश्ता ज्यादा नहीं चलता ।चुप रह ! साहब के चमचे। जल्दी -जल्दी हाथ चलाओ।राजू चुप हो गया और काम करने लगा।

आखिरकार वह घड़ी आ ही गई जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था ।रोहन -राधिका को देखने आ गया, उसे मेहमान कक्ष में बिठा दिया गया और 50 तरह के पकवान रख दिए ।परंतु वह समझदार लड़का था । उसने कुछ नहीं खाया।

आप कुछ खा लो यह सब राधिका ने बड़े प्यार से बनाया है । राधिका की मां ने कहा ।उधर सुरेश( राधिका के पापा )को खांसी आ गई ।मन ही मन बुदबुदा रहा था ।इतनी झूठ राम-राम! कितना झूठ बोलोगी भाग्यवान? रमा- राधिका को लेने अंदर चली गई और राधिका को बोली ; जैसे मैंने बोला है वैसे ही करना।

हां के लिए सिर्फ सिर हिलाना ।मुंह से कुछ नहीं बोलना। हां -हां; बस भी करो मां और कितनी बार बताओगी ? कल से 50 बार बता चुकी हो । चुप रह पागल फालतू बोलती रहती है। बस एक बार तेरी इस लड़के से शादी हो जाए।

राधिका को रोहन के पास बिठा दिया ।
रोहन जो भी सवाल करता राधिका की मां खुद उत्तर देती।

जी मैं शहर में रहता हूं शादी के बाद राधिका को भी साथ में लेकर जाऊंगा। हां- हां बेटा ले जाना राधिका दशवी तक पढ़ी है ।सिलाई ,कढ़ाई -बुनाई ,खाना बनाना आता है।पर मां मुझे तो खा खा तू चुप रह । मैं बात कर रहीं हूं ना। रोहन ने कहा ; क्या में राधिका से कुछ बात कर सकता हूं? हां पूछो, राधिका बताओ अगर मुझे महीने में ₹5000 मिले और हमारा खर्चा 4000 का हो तो तुम बाकी के ₹1000 का क्या करोगी?

मैं तो सभी का सामान लेकर पूरे एक दिन में खत्म कर दूंगी राधिका ने कहा।मान लो मैं तुम्हें 5000 दे दूं और सामान आए 3000 का तो तुम्हारे पास कितने बचेंगे ?
एक भी नहीं; मैं तो तुझे वापिस दूंगी ही नहीं।

चलो ठीक है! तुम्हारा पसंदीदा विषय कौन सा है?

मैं तो एक ही दिन स्कूल गई थी और उसी दिन अध्यापक को मार कर आ गई थी ।राधिका की मां ने कहा ; ये क्या बोल रही है? तूने ही तो कहा था; ठीक किया जो मास्टर को मार कर आ गई ।
रोहन को समझते देर न लगी कि राधिका अनपढ़ है ।

रोहन हाथ जोड़कर बोला; जी मैं जा रहा हूं ।तो बेटा क्या हम रिश्ता पक्का समझे? आप पहले इसे पढ़ाएं। शिक्षा के बिना जीवन कैसे निर्वाह करेगी? बोल कर चला जाता है। सुरेश को भी बोलने का मौका मिल गया ।अब समझी भाग्यवान !लड़कों में खराबी नहीं। बस अपनी बिटिया को सब कुछ दिया पर जो देना चाहिए था ; शिक्षा , वह नहीं दी।
शिक्षा ही असली सम्पत्ति है।



**सीमा रंगा**
इन्द्रा
हरियाणा

# सौ क्विंटल के सिर्फ तीन ही फल,अरे यह कैसे?

अरे ! सच आज मैं बहुत बड़ी सोच मे उलझ गयी हूं , और खुद से ही सवाल कर रही कि सिर्फ तीन फल सौ क्विंटल के कैसे हो सकते हैं ? जवाब ही नहीं मिल रहा । पर जब जवाब मिला तो सोचा चलो आप सभी संग अब मैं अपने ही सवाल का जवाब जो मिला , उसे साझा करूं । हां भाई मात्र तीन फल हो सकते हैं , सौ क्विंटल के , परंतु सिर्फ और सिर्फ किसी भी सामाजिक संस्थाओं के लिए , अधिकारियों के लिए । अब जानिए कैसे , आज के समय में हर राज्य के हर शहर में आपने देखा होगा कि कोई ना कोई सामाजिक संस्थाएं होती ही है यहां तक की छोटे गांव में भी सामाजिक संस्थाओं का गठन किया जाता है । जिसके माध्यम से गरीब लोगों के लिए कोई न कोई समाज सेवा से जुड़ा कार्य करते हुए उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य कराया जाता है यह तो बहुत ही खुशी की बात है । उनकी शिक्षा के प्रति भी ध्यान दिया जाता है , वृक्षारोपण की तरफ भी ध्यान दिया जाता है और बहुत सी बातें ही जहां सामाजिक सेवा संस्थाओं द्वारा मदद दी जाती है समय-समय पर जिसके चलते बहुत लोग लाभान्वित हुए हैं । जिनके नसीब मे शिक्षा दूर-दूर तक नहीं है वह भी आज सामाजिक सेवाओं की मदद से पढ़ कर आगे बढ़ रहे हैं अब यहां बात आती है मात्र तीन फल 100 क्विंटल के बराबर कैसे हुए । हाल ही में मैं अपने छोटे बेटे के मोबाइल में एक हंसी मजाक का वीडियो देख रही थी जिसमें कार्टून बनाकर उसके साथ एक मजाकिया पंक्तियों को लिखा गया था । वह चित्र यह था कि एक सामाजिक संस्था अस्पताल में मरीजों को देखने गई है साथ में कोई एक अधिकारी भी थे और वह लोग मरीज को सामाजिक सेवा का नाम देते हुए मात्र एक छोटी सी पन्नी में तीन फल दे रहे थे । कुल 9 पदाधिकारी और एक अधिकारी (अतिथि) जब वो फल मरीज़ को दिया जा रहा था तो सभी ने मिलकर उस पन्नी को हाथ मे पकड़ते हुए पलंग पर लेटे मरीज को दिया मरीज ने भी पन्नी पर हाथ रखा और दूसरा बाजू वाले मरीज के रिश्तेदार या फोटोग्राफर को फोन देकर कहा कि आप फोटो खींचों । उन लोगों ने फल देते समय फोटो खींचवाया । आप बताइए सवाल मेरे जेहन में जो उठा उसका उत्तर आप पाठकों को भी समझ मे आ गया होगा सही है कि नहीं मेरा उत्तर । मात्र 3 फल देने के लिए मरीज को नौ समाजसेवीयों और एक अधिकारी मतलब कुल दस लोगों के द्वारा उठा कर देना 100 क्विंटल के बराबर हुआ , कि नहीं हुआ । आज कल समाज सेवा के नाम पर समाज सेवा कम और दिखावे का प्रचलन हो गया है । जिसके चलते मुझे ऐसा लगता की सामाजिक सेवा संस्थाओं का एक चौथाई पैसा या हो सकता है उससे अधिक ही पैसा फोटो बनवाने में ही खर्च करता चला जाता होगा , एक संस्था जिससे मैं भी जुड़ी थी *नाम लिखना मेरी फितरत मे नही* समाज सेवा के नाम पर दूर-दूर के क्षेत्रों मे बस में भरकर संस्था से जुड़े कार्य कर्ताओं को लेकर बसों मे या कारों में जैसे भी सुविधा मिले लेकर जाते और वहां के क्षेत्र के लोगों मे पुराने कपड़े , सीदा सामग्री देने लगे और कम से कम सौ से सवा सौ फोटो खींचे , अब वो क्षेत्र हमारे शहर से पचास से साठ किलोमीटर दूर था , अब ये सोचिये की इतना दूर किराया खर्चा करके जाना सिर्फ पुराने कपड़े व सीदा सामग्री देने के लिए कहां की और कैसी समझदारी है ? अरे सबसे पहले तो आप अपने ही शहर मे फुटपाथ पर रहने वाले या बस्ती में रहने वाले या सिग्नलों पर बच्चे जो भीख मांग रहे उनके लिए तो कुछ करें । अपने शहर की स्थिति तो सुधारना नहीं बल्कि दूर दूर जाकर समाज सेवा के नाम पर फोटो सेशन करना और दुनिया को पेपर बाजी कर चीख चीख कर बताना कि हमारी संस्था फलाने गांव या कस्बे में गयी और ये महान कार्य किया । हर समाजसेवी संस्था समाज सेवा के नाम पर , कोई गौशाला जा रहा , तो कोई अनाथ आश्रम तो कोई वृद्धाश्रम वगैरह वगैरह अरे करना है किसी जरूरतमंद के लिए तो ऐसा काम करो कि सच उसमें से किसी का जीवन ज़मीं से उठ कर आसमां तक पहुंच जाए । कहने का तात्पर्य यह है कि समाज सेवा करें , फोटो सेशन भी करें पर तीन फलों को सौ क्विंटल का बनाते हुए किसी मरीज या गरीब का मज़ाक़ बनाते हुए, पेपर बाजी करते हुए नहीं । मेरा लिखना सरल है , पर समाजसेवी बन समाज सेवा करना मुश्किल है । अगर आप समाज सेवा करना चाहते हैं तो संस्था के मर्यादित बजट अनुसार कुछ लोगों को गोद ले लो और सिर्फ उनके लिए काम करें सौ के लिए करने से बेहतर है बजट अनुसार दस के लिए कर उनका जीवन स्वर्ग बना दो जब वो दस का जीवन बेहतर बन कमाने लगे तो उनको बोलो अब आप अगले दस , पांच जितने लोगों कि मदद् कर सकते करें बस बनती और बढ़ती जाएगी ये चैन दस काम ना करें समाज सेवा के नाम पर कोई भी एक काम या दो काम ले निःस्वार्थ भाव से कर लिया तो आपकी समाज सेवा सफल मानव जीवन भी सफल और आपका संस्था निर्माण भी करना सफल । बस मेरी कलम को और मेरी सोच को काग़ज़ों पर उतारने बैठ गई । हां यही तो बुराई है मुझमें की जो तूफ़ान दिल को अशांत कर दे , उस तूफान को सिर्फ मेरी कलम लिख कर शांत कर सकती है । लेखिका हूं ना सच के आईने से रू-ब-रू करवाना मेरा फ़र्ज़ बाकी जो ना माने सो माने और जो ना माने सो ना माने अपनी अभिव्यक्ति को रखने का मुझे मानवाधिकार प्राप्त है । इसलिए अपनी बात रखी ।
शेष शुभ सभी समझदार ।



**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर,महाराष्ट्र

## स्वतंत्र सत्य

सत्य आगे -आगे भागता है ।
हम रह जाते हैं पीछे।
पकड़ने को दौड़ते है उसे,
लेकिन वो ओझल हो जाता हैं ।
दूर जाते व्यक्ति की तरह ।
हम पुकारते है उसे,
गुहार भी लगाते हैं ।
लेकिन वो नहीं सुनता,
विदुर की तरह,
और भाग जाता हैं ।
घने जंगलों में ।
और युधिष्ठिर गुहारते रह जाते हैं ।
सत्य जो हमसे ,
एक कदम आगे रहता है ।
वो देखता है कि,
कितना तेज दौड़ सकते है ।
हम उसे पाने को .........।
लेकिन हम फंस जाते हैं,
संसार के प्रलोभनों में. ..
सत्य आगे निकल जाता हैं ।
हम कैद हो जाते ,
असत्य,मोह,माया,छल और बैर,
के बंधनों में ,
और जिसे पाने को दौड़ते है ।
वो आगे निकल जाता हैं ।
स्वतंत्र ...स्वतंत्र ...स्वतंत्र...।



**गरिमा राकेश गौतम गर्विता**
कोटा,राजस्थान

## वर्तमान में मध्यवर्गीयों का हाल बेहाल

वर्तमान में मध्यमवर्गीय का हाल बेहाल
गरीबों को हमेशा की तरह मिलती सब्सिडी
अमीरों को शिद्दत से मिलता रिबेट
मध्यमवर्गीय टीवी देखो तुम्हें मिला डिबेट
कोरोना महामारी ने किया बुरा हाल
आयकर की सीमा बढ़ेगी सोचे सुधरेगा हाल
निराश हुए बड़ा सिर्फ़
पचास हज़ार किया बेहाल
बोले विजन 2047 से
हो जाओगे लाल
वर्तमान में आत्मनिर्भर
भारत का भी सुनाया हाल
भविष्य में नागरिक
हो जाओगे मालामाल
बाकी कुछ नहीं
हमारी नीतियों में है कमाल
भविष्य की योजना हैं
हो जाओगे मालामाल



**किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

## पत्थर के सनम

पत्थर की सनम से दिल को लगाया
मर्म मोहब्बत की जो समझ ना पाया
किस्मत ने कैसी दी है हमें वरदान
पूरी ना हुई मन की प्यारी अरमान
प्यार मोहब्बत का पाठ था समझाया
विश्वास की मूरत को था दिखलाया
फिर भी बेवफा ने दी हमें वो उपहार
पूरी ना हुई हमारी मन की मनुहार
बेवफाई से बनी जिनकी तन सरंचना
खुद को भी उजाड़ा ना था उन्हें बसना
कैसी मूर्ख दिल से हो गई थी प्यार
तन्हा जीवन की मिल गई नयी संसार
बात बात में ताना था जिन्हें मारना
माफ ना करेगी उनको ये जमाना
किस जाहिल को बनाया था दिलदार
जीवन की बगिया हो गया बंटाधार
दिल को अब कैसे मैं समझाऊँ
किस दुनियाँ से सच्चा प्यार मैं लाऊँ
मोहब्बत इस जग में है बेकार
झूठा है ये प्यार का जालिम संसार




**उदय किशोर साह**
जयपुर जिला
बाँका बिहार

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# झूठे वादे कर अंबिकापुर की जनता को कांग्रेस सरकार ने किया है ठगने का काम

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 मई 2023
(घटती-घटना)।

विकासखण्ड चिकित्सालयों में व्याप्त स्वास्थ्य सेवाओं में अनियमितता एवं क्षेत्रीय विसंगतियों को लेकर कांग्रेस सरकार के विरुद्ध भाजपा सरगुजा द्वारा विधानसभा अंबिकापुर के उदयपुर में विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि झूठे वादे और झूठ का घोषणा पत्र बनाकर कांग्रेस के स्थानीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव ने अंबिकापुर की जनता को खूब ठगा है, स्वास्थ्य मंत्री होते हुए भी क्षेत्र के छोटे-छोटे स्वास्थ्य केंद्रों को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है, और पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है, साढ़े 4 वर्ष कांग्रेस सरकार के हो गए लेकिन क्षेत्र में स्वास्थ्य मंत्री ने कोई भी उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है अब जनता उन्हें सबक सिखाएगी, आगे उन्होंने बताया कि भाजपा के कार्यकर्ताओं पदाधिकारी लगातार ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर जनसंपर्क कर रहे हैं इसी तारतम्य में इस धरना प्रदर्शन के लिए उदयपुर क्षेत्र में एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक कैलाश मिश्रा द्वारा क्षेत्र की समस्याओं को रेखांकित किया गया और इस कार्यक्रम में उनकी और भाजपा नेता राजेश अग्रवाल की सहभागिता रही। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने कहा कि जनता के सुख दुख में कहीं भी खड़ा न होने वाले को जनता ने तीन तीन बार विधायक बनाकर मौका दिया फिर भी 15 वर्षों में टी एस सिंह देव द्वारा किया गया एक भी काम ऐसा नहीं है जिन्हें वे गिना सकें, जनता ऐसे निष्क्रिय जनप्रतिनिधि से उब चुकी है। इस अवसर पर पूर्व सांसद कमलभान सिंह ने कहा कि भूपेश सरकार जनता की उम्मीदों पर फेल हो चुकी है तथा विधायक के रुप में टी एस सिंह देव फेल है। भूपेश सरकार के मंत्री केवल अपनी जेबे भरने में लगे हैं ऐसी सरकार को हटाना जरूरी है। इस अवसर पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज ने कहा कि रियासत काल से लेकर एक लंबे समय से कांग्रेस की सरकार रही है जिसमें टी एस सिंह देव के परिवार ने एकछत्र राज्य किया है लेकिन किसी ने अभी तक सरगुजा के विकास के लिए कोई कार्य नहीं किया इन्हीं के कारण सरगुजा पिछड़ा रहा। धरने को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया अंबिकेश केसरी विनोद हर्ष, आलोक दुबे, राजेश अग्रवाल, अरुणा सिंह, विकास पांडे, कैलाश मिश्रा, अनिल प्रताप सिंह, मधुसूदन शुक्ला, दिनेश साहू, अंशुल श्रीवास्तव वेदांत तिवारी, गोलन सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल उदयपुर महामंत्री प्रबोध सिंह तथा आभार प्रदर्शन जिला मंत्री राधेश्याम सिंह ठाकुर ने किया। धरना के पश्चात एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री एवं उदयपुर मंडल प्रभारी अभिमन्यु गुप्ता, जिला संवाद प्रमुख संतोष दास, जिला सह संवाद प्रमुख एवं उदयपुर मंडल सह प्रभारी रूपेश दुबे, अभिषेक शर्मा, अजय प्रताप सिंह, नकुल सोनकर, चंद्र बसु यादव, सुभाष अग्रवाल, अखंड विधायक सिंह, संतोष जायसवाल, गोपाल सिन्हा, नरेंद्र सिंह, मनबोध सिंह, दाकेश्वर यादव, दूधनाथ यादव, पारस यादव , राम जतन, प्रमोद तिवारी, कमलेश जायसवाल, मनी दास, महेश सिंह, राजकुमार, रामविलास सिंह, कैलाश सिंह, उमाशंकर यादव, बनारसीदास, उत्तम जयसवाल, अमरनाथ, श्याम लाल जयसवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।






# शादी समारोह में जा रहे युवक-युवती के कार में तोड़फोड़,मारपीट

» जान बचाकर भागे युवक, पुलिस कर रही मामले में जांच

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 मई 2023
(घटती-घटना)।

।रविवार की रात अंबिकापुर से कार में सवार होकर एक शादी समारोह में लखनपुर जा रहे तीन युवती व दो युवक के साथ मारपीट वह कार में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। उक्त घटना मणिपुर थाना क्षेत्र के भिट्ठी कला की बताई जा रही है। कार में तोड़फोड़ करते हुए वीडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि कार में सवार लोगों के द्वारा गांव के एक युवक को ठोकर मार दी गई थी जिससे वहां के लोग आक्रोशित हो गए थे। गुस्साए लोगों ने कार में सवार युवतियों के साथ भी मारपीट की। घटना के समय किसी तरह कार में सवार युवकों ने अपनी जान बचाई। देर रात दोनों ही पक्ष के लोग मणिपुर थाना पहुंचे थे। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार बीती रात मूलतः करजी क्षेत्र की तीन युवती और दो युवक कार से लखनपुर की ओर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि युवक युवती अंबिकापुर में रहकर पढ़ाई करते हैं। मार्ग में भिट्ठी कला के पास एक शादी कार्यक्रम में कुछ लोगों द्वारा मोटरसाइकिल रोड में खड़ी कर दी गई थी। कार में सवार युवकों के अनुसार उनके द्वारा मोटरसाइकिल हटाने की बात कही गई जिसके बाद वहां के लोग भड़क गए और कार में तोड़फोड़ के साथ साथ मारपीट भी शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष के अनुसार कार में सवार लोगों के द्वारा गांव के एक व्यक्ति को ठोकर मार दिया गया जिससे वह घायल हो गया जिसका उपचार अस्पताल में जारी है। घटना के बाद देर रात दोनों ही पक्ष मणीपुर थाना पहुंचे थे।



# ड्यूज बॉल क्रिकेट समर कैंप 11 से 25 मई तक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 मई 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा समर क्रिकेट कैंप का आयोजन गांधी स्टेडियम अंबिकापुर में 11 से 25 मई तक लगाया जाएगा। इस कैंप के माध्यम से खिलाड़ियों को क्रिकेट कोचिंग दिया जाएगा जिसमें खिलाड़ियों को बल्लेबाजी,गेंदबाजी, फिजीकल फिटनेस व फील्डिंग की ट्रेनिंग दी जाएगी जिसमे खिलाड़ी अपने खेल की तकनीक व बारिकियों पे ध्यान दिया जाएगा जिससे खिलाड़ियों को खेल बेहतर करने में सहायता प्राप्त होगी व कैंप के माध्यम से खिलाड़ियों को होने वाले अंतर संभागीय चयन मैच में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। कोचिंग कैंप प्रातः 6-30 से 9 बजे तक व शाम 3-30 से 6 बजे तक लगाया जाएगा। कैंप के कोच दिलीप सिंह, सीनियर क्रिकेट कोच खेल एवं युवा कल्याण रायगढ़ एवम विशेष दुबे (लेवल वन कोच) होंगे । कोचिंग कैंप में सभी आयु वर्ग के पुरुष / महिला खिलाड़ी प्रशिक्षण ले सकेंगे। कैंप का संचालन व व्यवस्था सरगुजा क्रिकेट संघ व छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी संघ के सचिव ने विनीत जायसवाल ने दी है ।




# पट्टा बनाने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा करेगी आंदोलन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 मई 2023
(घटती-घटना)।

बतौली विकासखंड के करदना एवं भटको ग्राम में 46 एकड़ शासकीय भूमि घोटाले को लेकर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि बतौली में हुए जमीन घोटाले की जांच वही अधिकारी कर्मचारी कर रहे हैं जिनके ऊपर गड़बड़ी का आरोप है।यही नहीं वहां के अन्य प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीणों को पट्टा निरस्त करने डरा धमका रहे हैं। अनुराग ने कहा कि जमीन घोटाले की जांच कलेक्टर सरगुजा स्वयं करें एवं इसमें संलिप्त अधिकारी कर्मचारियों पर कार्यवाही करें।

भूपेंद्र यादव के नाम पर शासकीय जमीन को पट्टा बनवा कर अपने नाम कर लिया,साथ ही उस 46 एकड़ जमीन के आधार पर लाखों रुपए धान की बिक्री भी की गई,जिसमे प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव ने कहा कि शिकायत करने वाले 102 ग्रामीणों को जांच के नाम पर तहसील बतौली में बुलाकर बेवजह परेशान किया जा रहा है। जिसका जाँच करना चाहिए ,उनका नही किया जा रहा हैं,अगर जिला प्रशासन के द्वारा शासकीय जमीन का पट्टा बनवाने वाले लोगो सहित जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर 7 दिनों में कोई कार्रवाई नही हुई तो भारतीय जनता पार्टी आंदोलन का रुख अख्तियार करेगी। इसके अलावा भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव ने सीतापुर विधानसभा मे जिन्हें एक-दो वर्षों में पट्टा मिला है उनकी भी विधिवत जांच की मांग की है। बतौली जमीन घोटाले में भाजपा नेताओं के भी संलिप्तता के प्रश्न पर अनुराग ने कहा कि इस घोटाले में भाजपा के कार्यकर्ता हो या कांग्रेस के उन पर विधि सम्मत कार्रवाई होना चाहिए,इसमें किसी पार्टी विशेष को नहीं देखना चाहिए। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष,देवनाथ यादव,अरुणा सिंह,संतोष दास सहित अन्य मौजूद थे।



# गैर जिम्मेदाराना कार्य के कारण कर्मचारियों को नहीं हो सका वेतन भुगतान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 मई 2023
(घटती-घटना)।

अंबिकापुर मैनपाट विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के लेखापाल को कार्य में लापरवाही बरतने की शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा निलंबित कर दिया गया है।

दरअसल विकास खंड शिक्षा अधिकारी मैनपाट के द्वारा 8 मई को इसकी शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से की गई थी।विकास खंड शिक्षा अधिकारी के प्रस्ताव में यह बताया गया था कि कार्यालय के लेखापाल अजीत कुमार गुप्ता द्वारा शासकीय दायित्वों के निर्वहन में स्वेच्छाचारिता एवं उदासीनता बरती जा रही है। अधिकारी के आदेश / निर्देश की अव्हेलना की जा रही है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपाट द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि माह अप्रैल 2023 का वेतन देयक तैयार कर कोषालय में जमा करने हेतु विगत 15 दिनों से कहे जाने के उपरांत भी श्री गुप्ता द्वारा टालमटोल करते हुए कार्य में विलंब किया गया, जिससे आज 8 मई तक शिक्षकों के खाते में वेतन नहीं आ सका है। इस संबंध में जारी कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब भी श्री गुप्ता द्वारा नही दिया गया। स्थापना संबंधी कार्यों में भी लापरवाही बरती जा रही है। श्री गुप्ता बिना किसी पूर्व सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित रहते हैं तथा बिना मेरी अनुमति के उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करते हैं। सूचना के अधिकार संबंधी जानकारी तैयार करने में भी इनके द्वारा लापरवाही बरती जाती है। कार्यालय में प्रत्येक कर्मचारी के साथ मनमुटाव एवं पारस्परिक सामंजस्य का अभाव है।

लेखापाल द्वारा शासकीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं उदासीनता किया जाना प्रमाणित होने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने छ0ग0 सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 से सर्वथा विपरीत होने के कारण छ0ग0सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय उदयपुर मैं अटैच कर दिया है।


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर, सरगुजा (छ0ग0)
::आदेश::
क्रमांक/ 4283 /शिका-जाँच/2023-24 अम्बिकापुर, दिनांक-09-05-23

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपाट से प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 08.05.2023 के अनुसार श्री अजीत कुमार गुप्ता लेखापाल कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपाट के द्वारा शासकीय दायित्वों के निर्वहन में स्वेच्छाचारिता एवं उदासीनता बरती जा रही है। अधिकारी के आदेश/निर्देश की अवहेलना की जा रही है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपाट द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि माह अप्रैल 2023 का वेतन देयक तैयार कर कोषालय में जमा करने हेतु विगत 15 दिनों से कहे जाने के उपरांत भी श्री गुप्ता द्वारा टालमटोल करते हुए कार्य में विलंब किया गया,जिससे आज दिनांक 08.05.2023 तक शिक्षकों के खाते में वेतन नही आ सका है। इस संबंध में जारी कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब भी श्री गुप्ता द्वारा नही दिया गया। स्थापना संबंधी कार्यों में भी लापरवाही बरती जा रही है। श्री गुप्ता बिना किसी पूर्व सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित रहते हैं तथा बिना मेरी अनुमति के उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करते हैं। सूचना के अधिकार संबंधी जानकारी तैयार करने में भी इनके द्वारा लापरवाही बरती जाती है। छात्रवृत्ति में आधार प्रमाणीकरण उपरांत सेंड टू डी.ई.ओ. का कार्य लंबित है। कार्यालय में प्रत्येक कर्मचारी के साथ मनमुटाव एवं पारस्परिक सामंजस्य का अभाव है।

उपरोक्त प्रतिवेदन से प्रथम दृष्टया श्री अजीत कुमार गुप्ता लेखापाल कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपाट के द्वारा शासकीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं उदासीनता किया जाना प्रमाणित होता है जो छ0ग0सिविल सेवा(आचरण)नियम 1965 के नियम-3 से सर्वथा विपरीत होने के कारण छ0ग0सिविल सेवा(वर्गीकरण,नियंत्रण तथा अपील)नियम,1966 के नियम-9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय उदयपुर नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

जिला शिक्षा अधिकारी
अम्बिकापुर,सरगुजा

पृ0क्र0/ 4286 /शिका-जाँच/2023-24 अम्बिकापुर, दिनांक-09-05-23
प्रतिलिपि,
1. कलेक्टर सरगुजा की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपाट/उदयपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. स्था0-03 कार्यालयीन को सूचनार्थ।
4. संबंधित श्री अजीत कुमार गुप्ता लेखापाल निलंबित कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपाट जिला-सरगुजा को सूचनार्थ एवं पालनार्थ अग्रेषित।

जिला शिक्षा अधिकारी
अम्बिकापुर,सरगुजा

# कुसमी में होने जा रहा है क्रिकेट मैच का आयोजन,खिलाड़ियों में उत्साह

- संवाददाता -
कुसमी, 09 मई 2023
(घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के छोटे से शहर कुसमी में हिंडाल्को कम्पनी के सौजन्य से क्रिकेट मैच का आयोजन स्थानीय युवकों से मिलकर कराया जा रहा है ,क्रिकेट मैच यहाँ के हाईस्कूल मैदान में रात में खेला जायेगा, इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है,जानकारी के मुताबिक आईपीएल के तर्ज पर यहाँ पर क्रिकेट मैच का आयोजन किया जा रहा है जिसमे कुसमी शहर और आसपास के गांवों के युवकों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जा रहा है ,इस प्रतियोगिता में 10 टीमो ने हिस्सा लिया है कुल 16 खिलाड़ियों का एक- एक टीम बनाया गया है जिसमे कुल 160 खिलाड़ियों का चयन इस प्रतियोगिता में किया गया है और बुधवार की रात में खेल की शुरुआत होगी,वही कुसमी में रात्रिकालीन मैच शुरू होने से स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों में काफी उत्साह है गर्मी के मौसम में लोग क्रिकेट मैच का आंनद उठाने जा रहे है,वही स्थानीय खिलाड़ियों भी अच्छी क्रिकेट मैच की प्रस्तुति देकर लोगो का दिल जीत सके इसके लिये खिलाड़ी भी तैयारी किये है, इस क्रिकेट मैच में आनन्द जायसवाल की टीम कुसमी रॉयल्स,डॉ रोहित बखला की टीम रॉयल्स चैलेंजर्स कुसमी, शाबीर अली की टीम कुसमी कैपिटल,अरुण एक्का और अमित कुमार की टीम कुसमी किंग्स, मो.जफर अली एवं मो.साकिब अली की टीम कुसमी इंडियस,मो. नईमुद्दीन की टीम कुसमी सुपर किंग, मो.जावेद रहमानी की टीम कुसमी टाइटन्स,मुरारी गुप्ता की टीम कुसमी नाईट राइडर्स, राजेश्वर गुप्ता की टीम सनराइजर्स कुसमी, मो. मुजाहिद की टीम कुसमी सुपर जायंटस ने भाग लिया है,बहरहाल इस क्रिकेट प्रतियोगिता में देखना होगा कि कौन सी टीम जीत कर इस प्रतियोगिता की ट्राफी अपने नाम करती है अभी तो फिलहाल खेल आरंभ होने जा रहा है।



# सखी निवास संचालित करने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 मई 2023
(घटती-घटना)।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के दिशा निर्देशानुसार जिन शहरों, कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के काम करने के अवसर उपलब्ध हो वहां सखी निवास संचालित किए जाने का लेख किया गया है। इस संबंध में मिशन शक्ति अंतर्गत सखी निवास योजना के पुनरीक्षित दिशा-निर्देश के तहत व्यावहारिक और पूर्ण प्रस्ताव भारत शासन को प्रेषित किए जाने का निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि पुनरीक्षित दिशा-निर्देश की जानकारी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत शासन की वेबसाइट www.wcd.nic.in पर उपलब्ध है। सखी निवास हेतु दिए गए दिशा निर्देशानुसार प्रस्ताव 31 मई 2023 तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग में प्रेषित कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

# समर कैम्प के पाँचवें दिन को स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया गया





- संवाददाता -
अंबिकापुर, 09 मई 2023
(घटती-घटना)।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा नव विश्व भवन चोपड़ापारा, अम्बिकापुर में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिये आयोजित समर कैम्प 2023 के पाँचवें दिन को स्वच्छता दिवस के रूप मे मनाया गया। सभी बच्चों को आज अपने घर और आसपास की साफ-सफाई की कला एवं बच्चें सभी का मदद करे वो कला भी बच्चों को बताया गया। ब्रह्माकुमारी पूजा बहन बच्चों को जीवन के रहस्य के बारे में बताते हुये कहा कि अपने जीवन को एक दीपक के भांति बनाइये, जिसके जलने मात्र से ही औरों के जीवन का अंधकार दूर हो जाये और उनके जीवन में भी खुशियों रूपी आनन्द आ जाये। इस बात को उन्होंने बच्चों को अनेक कहानियों के माध्यम से समझाते हुये कहा कि जीवन में सदा सकारात्मक रहें और वो गलत आदतों को छोड़े, जो लक्ष्य को प्राप्त करने में बाधा बन रही है।

गणित के मास्टर ट्रेनर व्याख्याता धनंजय जायसवाल जी बच्चों के अन्दर गणित विषय में रूचि बढ़े उसके लिये उन्होंने कहा कि गणित को पढ़ने में जिज्ञासा उत्पन्न करनी चाहिये। गणित विषय को दोस्त बनाकर पड़ने से मजा आता है, और वो हमारा प्रिय सब्जेक्ट बन जायेगा । उन्होंने बच्चों को खेल- खेल में बड़ी से बड़ी संख्याओं को साल्व करने की विधि भी सिखाया।

बच्चों के अन्दर की छुपी प्रतिभाओं को निखारने के लिये मैं और मेरी प्रकृति विषय पर पेटिंग और रंगोली प्रतियोगिता और वेस्ट ऑफ बेस्ट मेटेरियल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने अपने अन्दर की प्रतिभाओं को पेटिंग और रंगोली के माध्यम से उकेरा। और बच्चों ने वेस्ट मेटेरियल से बहुत सुन्दर- सुन्दर सजावट की वस्तुयें बनायी।

# कहा था न इमरान को न छेड़ना...

## PTI समर्थकों की चेतावनी;सेना मुख्यालय में जमकर तोड़फोड़,लगाए नारे

**इस्लामाबाद , 09 मई 2023।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थक देशभर में जमकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के कुछ घंटों के बाद पीटीआई समर्थक सेना के मुख्यालय में लाठी डंडों के साथ घुस गए। इस दौरान उन्होंने जमकर तोड़फोड़ और नारेबाजी की। सोशल मीडिया पर इसके वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं।

### परिसर में घुसने से पहले पीटीआई कार्यकर्ताओं ने किया पथराव

प्रदर्शनकारी भीड़ को लाहौर कैंट में कॉर्प्स कमांडर्स हाउस में सुरक्षा कर्मियों को परेशान करते और यह कहते हुए सुना गया- कहा था न इमरान को मत छेड़ना। इमरान के समर्थक बड़ी संख्या में सेना मुख्यालय के बाहर जमा हो गए और परिसर में घुसने से पहले पथराव किया। यह पहली बार है जब जनता ने सेना मुख्यालय पर हमला किया गया है। इमरान की गिरफ्तारी के बाद से देशभर के कई हिस्सों में हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं।

### अल कादिर ट्रस्ट मामले में गिरफ्तार किए गए इमरान

पीटीआई प्रमुख को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की जांच के तहत इस्लामाबाद हाईकोर्ट के समक्ष पेश होने से पहले गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, पीटीआई की छह सदस्यीय समिति इमरान की गिरफ्तारी के बाद अगले कदम की घोषणा करने की



तैयारी कर रही है।

### पीटीआई के उपाध्यक्ष ने बुलाई आपातकालीन बैठक

पार्टी के उपाध्यक्ष व पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने एक बयान मेंम कहा कि गिरफ्तारी के मद्देनजर भविष्य की कार्रवाई पर विचार करने के लिए केंद्रीय नेतृत्व और पार्टी प्रमुख द्वारा गठित आपातकालीन समिति के सदस्यों की एक बैठक बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि स्थिति का आकलन करने के बाद भविष्य की कार्रवाई की घोषणा की जाएगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि इस्लामाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने गिरफ्तारी का संज्ञान लिया है और कहा कि पार्टी पूरी दृढ़ता के साथ कानूनी और राजनीतिक युद्ध लड़ना जारी रखेगी।

### क्या है अल कादिर ट्रस्ट का मामला?

दरअसल, ये मामला अल कादिर ट्रस्ट विश्वविद्यालय से जुड़ा है। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरा ने पिछले बुधवार को इमरान खान, उनकी पत्नी बुशरा बीवी और इमरान खान की पार्टी पीटीआई से जुड़े कई नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोप है कि इमरान खान ने प्रधानमंत्री रहते हुए अपनी पत्नी बुशरा बीबी और पीटीआई के कुछ अन्य नेताओं के साथ मिलकर अल-कादिर यूनिवर्सिटी प्रोजेक्ट ट्रस्ट का गठन किया था। इसका उद्देश्य पंजाब के सोहावा जिला झेलम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा% प्रदान करने के लिए अल-कादिर विश्वविद्यालय स्थापित करना था। ट्रस्ट के कार्यालय के पते का उल्लेख बनी गाला हाउस, इस्लामाबाद के रूप में किया गया है।

आरोप है कि इस विश्वविद्यालय के लिए इमरान और उनकी पत्नी ने एक रेशिडेंशियल कॉम्प्लेक्स की जमीन गैर कानूनी तरीके से हड़प ली। इसके लिए दोनों ने पाकिस्तान के सबसे अमीर शख्सियत मलिक रियाज को धमकी भी दी थी। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी की ओर से पांच कैरेट के हीरे की अंगूठी मांगे जाने की बात भी सामने आई थी। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री, उनकी पत्नी बुशरा बीबी और अन्य पीटीआई नेताओं पर राष्ट्रीय खजाने को 190 मिलियन पाउंड का नुकसान पहुंचाने का भी आरोप लगा है।

## सीपीईसी का विस्तार अफगानिस्तान तक किया जाएगा

**इस्लामाबाद,09 मई, 2023।** पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत त्रिपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और संयुक्त रूप से चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। त्रिपक्षीय संवाद के बाद, तीनों पक्षों ने एक संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें क्षेत्रीय संपर्क के केंद्र के रूप में अफगानिस्तान की



क्षमता का लाभ उठाने का दृढ़ संकल्प लिया गया।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी, चीन के राज्य पार्षद और विदेश मंत्री किन गेंग और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्तकी ने अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए संवाद में भाग लिया।


बैठक के दौरान, तीनों मंत्रियों ने सीएएसए-1000, तापी और ट्रांस-अफगान रेलवे जैसी चल रही परियोजनाओं के महत्व पर जोर दिया, क्षेत्रीय संपर्क और आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने की क्षमता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बुनियादी ढांचे में हार्ड कनेक्टिविटी और मानदंडों और मानकों में सॉफ्ट कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

वे लोगों की आवाजाही और व्यापार गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के उपायों का पता लगाने पर सहमत हुए। डॉन की खबर के मुताबिक, उन्होंने ग्वादर बंदरगाह के जरिए पारगमन व्यापार को बढ़ावा देने का भी फैसला किया।

विदेश मंत्रियों ने स्वीकार किया कि एक शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध अफगानिस्तान सबके हित में है।

## चीन का अमेरिका पर अंतरिक्ष में जासूसी का आरोप,ड्रैगन बढ़ाना चाहता है टकराव?



**बीजिंग,09 मई 2023।** इस वर्ष जनवरी-फरवरी में अमेरिकी आसमान में चीनी गुब्बारों के उड़ने को लेकर उठे विवाद के बाद अब चीन ने अमेरिका पर जासूसी करने के जवाबी इल्जाम मढ़ दिए हैं। जानकारों का कहना है कि इससे दोनों देशों के बीच टकराव और बढ़ने की आशंका है। गुब्बारा विवाद के कारण अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने फरवरी में होने वाली अपनी चीन यात्रा रद्द कर दी थी। उसके बाद ब्लिंकेन की यात्रा का कार्यक्रम अभी तक तय नहीं हो पाया है।

अब चीन ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी उपग्रहों ने कम से कम 14 बार अंतरिक्ष में चीनी उपग्रहों के करीब आकर जासूसी की कोशिश की। ये घटनाएं अंतरिक्ष की ऊंची कक्षाओं में पिछले दो वर्ष के दौरान हुई हैं। इस बारे में चीन ने एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की है। उसका दावा है कि यह रिपोर्ट उसके विशेषज्ञों ने तैयार की है। इसके मुताबिक अमेरिकी वायु सेना के जियोसिक्रोनस स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस प्रोग्राम से जुड़े उपग्रहों ने चीन के सबसे खास और उन्नत उपग्रहों के करीब आकर जासूसी की।

यह रिपोर्ट पहले चीनी भाषा के एक जर्नल में प्रकाशित हुई। इसके मुताबिक इस अनुसंधान का नेतृत्व इन्फ्रारेड और लेजर इंजीनियरिंग के विशेषज्ञ काई शेंग ने किया। इमें चांगचुन इंस्टीट्यूट ऑफ ऑप्टिक्स में कार्यरत फाइन मेकेनिक्स और फीजिक्स टीम से जुड़े विशेषज्ञ भी शामिल हुए। रिपोर्ट में दावा किया है कि जासूसी गतिविधियों के दौरान अमेरिकी सेना ने चीन के अंतरिक्ष कार्यक्रम में दखल देने की अपक्षी क्षमता और इरादे दोनों का प्रदर्शन किया।

चीन फिलहाल कई जियो सैटेलाइट्स का संचालन करता है, जिनके जरिए संचार, मार्गदर्शन, और रिमोट सेंसिंग जैसी सेवाएं वह प्राप्त करता है। जियो सैटेलाइट धरती की मध्यांतर रेखा के ऊपर एक जगह पर स्थित रहते हैं। आज के दौर में अनेक देश उपग्रहों का इस्तेमाल संचार, निगरानी और बैंकिंग या वित्तीय सिस्टम की सेवाओं के संचालन के लिए कर रहे हैं। बीजिंग स्थित एक वैज्ञानिक ने कहा है कि दूसरे किसी देश के उपग्रह के करीब आने जैसी घटनाओं के बारे में आम तौर पर देश चुप रहते हैं। इसकी वजह ऐसी सूचनाओं का सैनिक लिहाज से संवेदनशील समझा जाना है।

पर्यवेक्षकों के मुताबिक इसके बावजूद अगर चीन ने ऐसी सूचनाओं को सार्वजनिक किया है, तो उसके पीछे मकसद अमेरिका को जवाब देना है। फरवरी में गुब्बारा कांड के कारण चीन को शर्मिंदगी झेलनी पड़ी थी। अब चीन अंतरिक्ष में जासूसी का आरोप लगा कर अमेरिका को घेरने की कोशिश कर रहा है।

लेकिन विशेषज्ञ अभी यह अंदाजा नहीं लगा पाए हैं कि इस मौके पर यह रिपोर्ट जारी करने के पीछे चीन का क्या मकसद है। अमेरिका के साथ उसका तनाव पहले ही काफी बढ़ा हुआ है। दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव होने की आशंकाएं अक्सर जताई जा रही हैं। इसके बीच टकराव और बढ़ाने की रणनीति से क्या हासिल होगा, यह स्पष्ट नहीं है।

चांगचुन इंस्टीट्यूट चाइना एकेडमी ऑफ साइंसेज की सहयोगी संस्था है। चीन के अंतरिक्ष कार्यक्रम में उसने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेजर टेक्नोलॉजी, रिमोट सेंसिंग और स्पेस ऑप्टिक्स के विकास में इस संस्था को विशेषज्ञता हासिल है।

## पाकिस्तान में जारी है अमेरिका बनाम चीन की बहस,हिना रब्बानी के लीक हुए पत्र से मचा बवाल

**इस्लामाबाद, 09 मई 2023।** पाकिस्तान अमेरिका के प्रति ज्यादा झुकाव रखे या चीन की तरफ, इस सवाल पर देश में बहस लगातार चल रही है। इस बहस की जड़ें कुछ समय पहले अमेरिका में लीक हुए दस्तावेजों से हैं, जिससे जाहिर हुआ था कि अब शहबाज शरीफ सरकार चीन से अपने रिश्तों को ज्यादा अहमियत दे रही है।

यहां कूटनीति विशेषज्ञों की राय है कि आर्थिक संकट से निकलने के लिए जूझ रहे पाकिस्तान को अमेरिका से अपेक्षित मदद नहीं मिली है। इससे शहबाज शरीफ सरकार में असंतोष पैदा हुआ है। लेकिन कुछ दूसरे विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि अगर लीक हुए दस्तावेजों का बारीकी से अध्ययन किया जाए, तो साफ होता है कि पाकिस्तान सरकार के एक बड़े हिस्से के साथ-साथ पाकिस्तान की सेना भी अमेरिका और चीन के बीच संतुलन बना कर चलने के पक्ष में है।

लीक हुए दस्तावेज पाकिस्तान की विदेश राज्यमंत्री हिना रब्बानी खार को यह कहते बताया गया था कि पाकिस्तान अब चीन और अमेरिका से समान दूरी बना कर नहीं चल सकता। अब पाकिस्तान को पश्चिमी देशों को



तुष्ट करना छोड़ देना चाहिए, क्योंकि अमेरिका के साथ संबंध बनाने के चक्कर में पाकिस्तान चीन के साथ अपने पार्टनरशिप के पूरे लाभों से वंचित हो जाएगा।

इस्लामाबाद स्थित एक थिंक टैंक के प्रमुख मुशर्रफ जैदी कहा है कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि खार का पत्र लीक कैसे हुआ। उन्होंने कहा कि सारे लीक जानबूझ कर कुछ खास मकसद से किए जाते हैं। वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम से बातचीत में जैदी ने कहा- 'इस मामले में अमेरिका का मकसद संभवतः यह है कि पाकिस्तान चीन की तरफ अपने झुकाव की बात का खंडन करने को मजबूर हो जाए।'

अमेरिका स्थित थिंक टैंक क्विन्सी इंस्टीट्यूट फॉर रेस्पॉन्सिबल स्टेटक्राफ्ट में रिसर्च फेलॉ एडम विंस्टीन के मुताबिक जब चीन और अमेरिका के बीच संतुलन बनाने का मुद्दा आता है, तो पाकिस्तान के राजनयिकों और सेना अधिकारियों के नजरिए में मतभेद का संकेत मिलता है। उन्होंने कहा- 'सेना अधिकारी मध्य मार्ग पर चलना चाहते हैं, जबकि कूटनीतिज्ञ अमेरिका के साथ संबंध को लेकर नकारात्मक धारणा रखते हैं।'

पाकिस्तान में उग्रवाद के विशेषज्ञ और स्वतंत्र विश्लेषक फखर काकाखेल की राय में पड़ोसी देश अफगानिस्तान में अफरातफरी पैदा करने में अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश शामिल रहे हैं। उन्होंने वेबसाइट निक्कईएशिया से कहा- अगस्त 2021 में उनकी सेना के वापस जाने के बाद वहां तालिबान ने सत्ता पर कब्जा जमा लिया। उसके बाद पाकिस्तान को अपेक्षा थी कि अमेरिका इस क्षेत्र में स्थिरता लाने में मदद करेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उस हालत में तकनीकी रूप से देखा जाए, तो अमेरिका और पश्चिम ने खुद पाकिस्तान से अपने को अलग कर लिया। उसके बाद पाकिस्तान के पास अपने 'हर हाल खरे उतरे दोस्त' चीन पर निर्भर करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा है।

विशेषज्ञों ने कई ऐसे कारणों का उल्लेख किया है, जिनसे पाकिस्तान में अमेरिका को लेकर नकारात्मक राय बनी है। इनमें आईएमएफ से कर्ज दिलवाने में सहायता न करना सबसे प्रमुख है। इस वजह से पाकिस्तान को आर्थिक सहायता पाने के लिए चीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के पास जाना पड़ा है। पाकिस्तान सरकार के एक अधिकारी ने निक्कईएशिया से कहा- 'हम आईएमएफ से कर्ज हासिल करने में अमेरिका की मदद चाहते थे। लेकिन अमेरिका ने हमें निराश किया।'

## क्या है अल कादिर ट्रस्ट मामला? जिसमें इमरान खान हुए गिरफ्तार

**इस्लामाबाद 09 मई, 2023।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को आज इस्लामाबाद हाई कोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार इमरान खान अपने खिलाफ लंबित एक मामले की सुनवाई के लिए हाई कोर्ट पहुंचे थे तभी अर्धसैनिक बलों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अर्धसैनिक बलों ने इमरान को गिरफ्तार कर रावलपिंडी नेशनल अकाउंटबिलिटी ब्यूरो को सौंप दिया है। इमरान खान को अल कादिर ट्रस्ट केस में गिरफ्तार किया गया है। इमरान खान के खिलाफ आतंकवाद, ईशनिंदा, हत्या, हिंसा और हिंसा भड़काने से संबंधित 120 से अधिक मामले दर्ज हैं। अरबों की जमीन से जुड़ा है मामला अल कादिर ट्रस्ट एक यूनिवर्सिटी से जुड़ा मामला है। इमरान खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी और उनके करीबी सहयोगी जुल्फिकार बुखारी और बाबर अवान ने अल-कादिर प्रोजेक्ट ट्रस्ट का गठन किया था। इस यूनिवर्सिटी के लिए इमरान खान ने बतौर प्रधानमंत्री गैरकानूनी तौर पर अरबों रुपए की जमीन हासिल की। खास बात यह है कि अल कादिर यूनिवर्सिटी में सिर्फ दो ही ट्रस्टी हैं, इमरान और उनकी पत्नी बुशरा। इसे झेलम के सोहावा में साल 2021 में स्थापित किया गया था। हैरानी की बात यह है कि अल कादिर यूनिवर्सिटी में 6 साल में सिर्फ 32 स्टूडेंट्स के एडमिशन हुए। इस यूनिवर्सिटी की कीमत करीब 90 करोड़ रुपए है।

## ब्रिटेन में भारतीय मूल के कई आरोपियों को दोषी ठहराया गया,मनी लॉन्ड्रिंग और मानव तस्करी से जुड़ा है मामला

**लंदन,09 मई 2023।**

अंतरराष्ट्रीय धन शोधन और मानव तस्करी में शामिल अपराधियों के एक गिरोह की विस्तृत जांच की गई। इसके बाद बड़ी संख्या में भारतीय मूल के पुरुषों और महिलाओं समेत सोलह लोगों को दोषी ठहराया गया। ब्रिटेन की नेशनल क्राइम एजेंसी (एनसीए) ने मंगलवार को यह बात कही।

एनसीए के जांचकर्ताओं ने बताया कि आराधिक नेटवर्क के सदस्यों ने 2017 से 2019 के बीच ब्रिटेन से 42 मिलियन पाउंड से ज्यादा की नकदी की तस्करी की और दुबई की सैकड़ों यात्राएं कीं। जांचकर्ताओं के मुताबिक, अपराधियों ने यह धन प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री के हासिल किया था।

एजेंसी के वरिष्ठ जांच अधिकारी क्रिस हिल ने कहा, %वाणिज्यिक स्तर पर धन शोधन और संगठित आव्रजन (इमिग्रेशन) अपराध में शामिल अपराधियों के संगठित समूह की लंबी और जटिल



जांच रही। उन्होंने कहा, एनसीए के जांचकर्ता दोषसिद्धि साबित करने के लिए सबूतों को सामने लाने में सक्षम थे, क्योंकि वह ब्रिटेन और विदेश में भागीदारों के साथ मिलकर इस पर काम कर रहे थे।

उन्होंने कहा यह एनसीए की जनता रक्षा करने, तस्करी और धनशोधन में शामिल नेटवर्क को निशाना बनाने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। उन्होंने कहा, हम उन्हें रोकने के लिए अपने पास मौजूद रणनीति का इस्तेमाल करना जारी रखेंगे।

अभियान के तहत गिरफ्तार किए गए और आरोपी बनाए गए लोगों पर इस साल जनवरी में दक्षिण लंदन की क्रोयडोन क्राउन कोर्ट में मुकदमा चलाया गया।

पहले मुकदमे में चरण सिंह, वलजीत सिंह, जसबीर सिंह कपूर, जसबीर सिंह ढाल को आपराधिक संपत्ति या धनशोधन की साजिश रचने का दोषी पाया गया था। जबकि स्वांदेर सिंह ढल को आपराधिक संपत्ति और आव्रजन कानून के उल्लंघन की साजिश रचने का दोषी पाया गया; दिलजन सिंह मल्होत्रा को आव्रजन कानून के उल्लंघन की साजिश रचने का दोषी पाया गया है। इन सभी छह लोगों की उम्र 30 और 40 साल के बीच है और उन्हें सितंबर में सजा सुनाए जाने तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

दूसरे मुकदमे में अमरजीत अलाबादिस, जगिंदर कपूर, जैकदार कपूर, मनमोन सिंह कपूर, पिंकी कपूर और जसबीर सिंह मल्होत्रा को आपराधिक संपत्ति के मामले में दोषी ठहराया गया और चार महीने में सजा लंबित रहने तक जमानत दे दी गई।

## सोशल मीडिया स्टार हसबुल्ला दोस्तों संग गिरफ्तार, यातायात नियमों का उल्लंघन करने का आरोप;वीडियो वायरल

**मॉस्को, 09 मई 2023।** वायरल होने के बाद हसबुल्ला एक सोशल मीडिया सेलिब्रिटी के रूप में उभरे हैं और इंटरनेट पर कई लोग उन्हें प्यार भी करते हैं। लेकिन ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, सोशल मीडिया स्टार



को कुछ दोस्तों के साथ यातायात के नियमों का उल्लंघन करने के लिए उत्तरी रूस के दागिस्तान से गिरफ्तार किया गया है।

आनुवांसिक विकार (जेनेटिक डिसऑर्डर) के कारण हसबुल्ला का शरीर ग्रोथ होर्मोन का उत्पादन करने में असमर्थ हैं, जिसने उन्हें एक औसत वयस्क पुरुष की तुलना में छोटा बना दिया है। हालांकि, कई लोग उन्हें एक छोटा बच्चा मानते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि वायरल सोशल मीडिया स्टार हकीकत में एक वयस्क व्यक्ति हैं और जल्द ही उनका 21वां जन्मदिन करीब आ रहा है।

हसबुल्ला और उनके कुछ दोस्तों को यातायात कानूनों का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार किया गया है। कई मीडिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि सड़क पर अन्य ड्राइवरों को परेशान करने के बाद उन्हें और उसके साथ के लोगों को गिरफ्तार किया गया।

दागिस्तान के आंतरिक मामलों के विभाग के मुताबिक वह और अन्य लोगों का दल सड़क पर अन्य ड्राइवरों को परेशान कर रहे थे। हसबुल्ला समेत पूरे दल को प्रशासनिक उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। उनके मुताबिक वह अपने दोस्त की शादी का जश्न मना रहे थे।

## श्रीलंका की अदालत का आदेश,राजपक्षे सरकार के पतन की वर्षगांठ पर न आयोजित हों कार्यक्रम

**कोलंबो,09 मई 2023।** श्रीलंका की एक अदालत ने मंगलवार को पुलिस के उस अनुरोध को स्वीकार कर लिया, जिसमें उन घटनाओं की बरसी पर होने वाले कार्यक रोक लगाने की मांग की गई थी, जिसके कारण एक साल पहले राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे की दिवालिया सरकार को इस्तीफा देना पड़ा था। पिछले साल नौ मई को गोटबाया राजपक्षे के कार्यालय पर सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों ने हमला कर दिया था, जिसके कुछ घंटे बाद महिंदा राक्षपक्षे ने इस्तीफा दे दिया था।

पिछले साल हजारों प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति गोटाबाया और प्रधान मंत्री महिंदा के इस्तीफे की मांग करते हुए देशभर में विरोध प्रदर्शन किए थे। श्रीलंका की सरकार के पास जरूरी वस्तुओं के आयात के लिए भी पैसे खत्म हो गए थे। इससे आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही थीं और ईंधन, दवाओं और बिजली की आपूर्ति में भारी कमी थी।

पुलिस ने मंगलवार को कहा कि कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट ने विरोध प्रदर्शन की बरसी पर राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रपति सचिवालय, वित्त मंत्रालय और प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास जैसे प्रमुख प्रतिष्ठानों में प्रवेश रोकने के लिए एक निरोधक आदेश जारी किया है। कोलपेट्टी पुलिस के अनुरोध के आधार पर फोर्ट मजिस्ट्रेट की अदालत ने मंगलवार को यह आदेश जारी किया।

श्रीलंका में एक साल पहले आज के ही दिन 9 मई 2022 को देशव्यापी अशांति भड़की थी। कोलंबो के गल्ले फेस में श्रीलंका पोडुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) पार्टी के समर्थकों द्वारा सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों पर हमला करने के बाद अशांति फैल गई थी। सरकार के कुछ राजनेताओं पर उन प्रदर्शनकारियों पर हमला करने का



आरोप लगा था जिन्होंने गोटबाया के इस्तीफे की मांग की थी। द्वीप राष्ट्र 1948 के बाद पहली बार दिवालिया हो गया था।

मार्च में श्रीलंका को आईएमएफ बेलआउट कार्यक्रम की पहली किस्त के रूप में 330 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिले थे। इससे कर्ज के बोझ तले दबे देश के लिए बेहतर राजकोषीय अनुशासन और बेहतर प्रशासन हासिल करने का मार्ग प्रशस्त हुआ। महिंदा के कुछ समर्थकों ने सरकारी कार्यालयों के सामने डेरा डाले शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर हमला किया था, जिसके कुछ घंटे बाद महिंदा ने नौ मई को इस्तीफा दे दिया था। दर्जनों लोग घायल हो गए थे। देशभर में सरकार के मंत्रियों के घरों पर जवाबी हमले की सूचना मिली थी। पूरे द्वीप राष्ट्र में करीब 100 सत्ताधारी सांसदों को संपत्ति पर आगजनी के हमलों का सामना करना पड़ा।

तीन दिन बाद मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इसके बाद उन्होंने आर्थिक संकट से निपटना शुरू कर दिया। लोगों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। जरूरी वस्तुओं के लिए लंबी कतारें थीं। ईंधन की आपूर्ति कम थी और दस घंटे से अधिक बिजली कटौती हुई। दो महीने बाद एक और भी बड़े विरोध के कारण राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को इस्तीफा देना पड़ा था।

श्रीलंका के संविधान के तहत यदि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों इस्तीफा देते हैं, तो संसद के स्पीकर अधिकतम 30 दिनों के लिए कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करेंगे। बाद में विक्रमसिंघे ने सितंबर 2024 तक चलने वाले राष्ट्रपति पद के शेष कार्यकाल के लिए गोटबाया की जगह ली।

# कांग्रेस नेता व समाज के जिलाध्यक्ष के मौत मामले में उलझी पुलिस,हत्या,आत्महत्या या फिर दुर्घटना?

## साहू समाज के जिलाध्यक्ष की मौत पर पूरा क्षेत्र शोक में डूबा,मौत की वजह जानने का हो रहा प्रयास

- फॉरेंसिक टीम ने शव से सोने की चेन व अंगूठी बरामद कर साहू समाज के जिलाध्यक्ष के मौत की पुष्टि
- साहू समाज कोरिया के जिलाध्यक्ष एवम वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण साहू की जलकर हुई मौत
- अपने ही खेत में लगी आग की आए चपेट में,खुद को बचा पाने में रहे असफल हुई मौतःजनचर्चा

- रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,09 मई 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के मुख्यालय बैकुंठपुर से सटे ग्राम पंचायत भांडी के रहने वाले साहू समाज के जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता की मौत अजीबोगरीब तरह से होने की बात सामने आई है, मौत जलने से हुई है यह बात तो साफ है पर इस मौत के पीछे की वजह अलग-अलग सामने आ रही है सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर आग की चपेट में वह आए कैसे? कुछ का कहना है कि आत्महत्या का प्रयास हो सकता है तो वहीं कुछ का कहना है कि किसी ने हत्या कर दी है पर इसी बीच यह भी बात सामने आ रही है कि वह आग बुझा रहे थे पर आग इतनी तेज थी कि उसकी लपटों में समा गए और उन्हें जलते ना किसी ने देखा ना उन्हें आग बुझाते किसी ने देखा, अब यह मामला पुलिस के लिए जांच का विषय बन गया है की हत्या है या आत्महत्या है या फिर यह एक दुर्घटना है? अरुण साहू इस कदर जल गए थे कि उनकी पहचान करना तक मुश्किल था ऐसे में फॉरेंसिक टीम वहां पर आकर शव से सोने की अंगूठी व चैन बरामद कर पहचान कराई तब अरुण साहू ही है जिनकी मौत हुई है यह बात उनके परिजनों के तरफ से पुष्टि की गई।







मिलिजानकारी के अनुसार कोरिया जिला साहू समाज जिलाध्यक्ष साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता भांडी निवासी अरुण साहू की अपने ही खेत में जलकर दुखद मृत्यु हो गई है और जैसा की बताया जा रहा है यह घटना मंगलवार सुबह 8 से 9 बजे की है और इसी बीच यह घटना घटी है। मृतक अरुण साहू की दोपहिया गाड़ी घटना स्थल पर ही मिली है और जिसके आधार पर ही यह अंदाजा लगाया गया है की उनकी मृत्यु जलकर हुई है। भांडी मुख्यमार्ग से लगे उनके स्वयं के खेत में यह घटना घटी है और मृतक का केवल शरीर का ऊपरी भाग वह भी कंकाल स्वरूप में जलने से बचा हुआ मिला है शेष शरीर आग में जलकर भस्म हो चुका है। घटना अत्यंत दुखद है और माना जा रहा है की अपने खेत में लगी आग को बुझाने के प्रयास में यह घटना घटी है और मृतक आग बुझाने के चक्कर में खेत के की एक गड्ढे तक जा पहुंचे होंगे और उसी दौरान आग प्रबल हुई होगी और वह उसकी चपेट में आए होंगे साथ ही वह गड्ढे से बाहर नहीं निकल पाए होंगे। सुबह का वक्त होने के साथ ही उक्त स्थल पर लोगों का आवागमन नहीं होने की वजह से मृतक की मदद की गुहार भी शायद लोगों तक नहीं पहुंच सकी और यह घटना घट गई ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम घटना स्थल तक पहुंचा और जिसमे राजनीतिक दलों के नेता भी शामिल रहे जिन्होंने इस दुखद घटना पर गहरा दुख भी प्रकट किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी ने मामले में इसे पार्टी के लिए बड़ी क्षति निरूपित करते हुए यह भी कहा की मृतक के परिवार को ईश्वर संबल प्रदान करें। भाजपा नेताओं ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के परिवार को ढांढस बंधाया और ईश्वर से परिवार के लिए संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। मृतक अरुण साहू साहू समाज जिला कोरिया के अध्यक्ष भी थे और समाज को भी इस आकस्मिक घटना से गहरा झटका लगा है और समाज के लोगों ने भी घटना पर गहरा दुख प्रकट किया है।

### बुरी तरीके से जला शव पीएम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा

मृतक का शरीर बुरी तरह से जल चुका है और शरीर का केवल अस्थि ही शेष बचा है जैसा की तस्वीरों से भी समझा जा सकता है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करने उपरांत शव परिजनों को सौंपने की बात कही है।

### अरुण साहू के अवशेषों का होगा अंतिम संस्कार

मृतक अरुण साहू के शरीर के शेष बचे अवशेषों का अंतिम संस्कार पोस्टमार्टम उपरांत शव अवशेष मिलने पर किया जाएगा।

# छोटेलाल,कंशराम हो या कलकतिया बाई, अब इन्हें श्रवण यंत्र मिलने से देगी सुनाई



- संवाददाता -
कोरबा,09 मई 2023 (घटती-घटना)।

कल तक बुजुर्ग छोटेलाल, कंशराम, बिहारी राम और कलकतिया बाई के कानों को ठीक से सुनाई नहीं देता था। वे किसी की जरूरी बातों को न तो सुन पाते थे और न ही कुछ समझ पाते थे। ये सभी सुनने के लिए श्रवण यंत्र लेना तो चाहते थे लेकिन इतने पैसे भी नहीं थे कि वे बाजार से यह यंत्र खरीद सकें। कंशराम, छोटलाल, बिहारी और कलकतिया बाई को जब मालूम हुआ कि जिलास्तर पर हर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनचौपाल का आयोजन होता है। उन्होंने जनचौपाल में आकर अपनी माँग रखने की सोची। आज जब जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा था। कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा सबकी समस्याओं को सुन रहे थे तभी इन्होंने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर समस्याएं बताई और श्रवण यंत्र की मांग की। कलेक्टर श्री झा ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए इनकी मांगों को पूरा करने में बिल्कुल भी देरी नहीं की। समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को निर्देशित कर सभी के लिए श्रवण यंत्र मंगवाये और अपने हाथों से उन्हें यंत्र प्रदान करते हुए शुभकामनाएं दी। श्रवण यंत्र मिलने के पश्चात खुशी जताते हुए छोटलाल, बिहारी राम, कंसराम और कलकतिया बाई ने खुशी व्यक्त करते हुए शासन प्रशासन को धन्यवाद भी दिया।



# विधानसभा अध्यक्ष व सांसद नवनिर्मित भगवान खाटू श्याम जी के मंदिर में पहुंचकर दर्शन व पूजा-अर्चना की

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़,09 मई 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत और कोरबा लोकसभा संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत के मनेंद्रगढ़ आगमन पर मनेंद्रगढ़ विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल ने कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों के साथ उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर डॉ चरणदास महंत , सांसद ज्योत्सना महंत ने मनेंद्रगढ़ में नवनिर्मित भगवान खाटू श्याम जी के मंदिर में पहुंचकर दर्शन व पूजा-अर्चना की। खाटू श्याम मंदिर पहुंचने पर श्याम मंदिर प्रबंधन व पदाधिकारियों व सदस्यों ने भी महंत दाम्पति का स्वागत अभिवादन किया.इस अवसर पर अधि रमेश चंद्र सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता (बड़कू भैया), अशोक बोंदिया, कैलाश गोयल, सी ए बंटी अग्रवाल, विजय केजरीवाल, अजय अग्रवाल, चंद्रकांत चावड़ा, किशोर अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, कमल पोद्दार, जयंती लाल यादव, नीरज अग्रवाल समेत क्षेत्र के गणमान्य जन मौजूद रहे।

# अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी संघ

- छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी कर्मचारी संघ के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन तूती निमोरा नया रायपुर में किया गया





- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 09 मई 2023 (घटती-घटना)।

जिसमें राष्टीय पदाधिकारी जसवीर सिंह राजपूत और अशोक मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष प्रभाकर सिंह प्रदेश संयोजक भोलाराम यादव पंकज साहू सेवक साहू पिंटू सिन्हा शेख हिदायतुल्ला सनलिप्त कुशवाहा ज्ञान गुप्ता नर्मदा देवांगन सहकारिता का गठन 1919 में किया गया था बड़ी विडंबना है कि देश को आजाद हुए आज 75 साल बीत गए पर आज भी हम किस के कर्मचारी हैं सहकारी समिति में कार्यरत कर्मचारी किस विभाग के अधीनस्थ है समझ से परे है पूरा काम लेती है जिलाप्रशासन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और कहती है कि हमारे आप कर्मचारी नहीं हैं जिस प्रकार सहकारिता विभाग में कार्यरत लघुवन उपज सहकारी समिति का छत्तीसगढ़ शासन कर्मचारी मानते हुए उनको वेतन अनुदान दिया जा रहा है उसी प्रकार सहकारिसमिति में कार्यरत कर्मचारियों को भी नियमितीकिया जावे, छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारियों के द्वारा नियमितीकरण समान काम समान वेतन को लेकर आज प्रदेश भर से हजारों की संख्या में छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी संघ के साथ एकत्र होकर कांग्रेस के घोषणा पत्र में किए गए उनके वादों को याद दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ में यदि कांग्रेस सरकार बनती है तो 10 दिन में नियमितीकरण किया जाएगा मांगों को लेकर मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल जी सहकारिता मंत्री प्रेमसाय जी के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया

# सनातन को मिटाने का चल रहा षडयंत्रःस्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज

- हवन, भंडारे के साथ हुआ श्रीराम कथा का विश्राम..देवराहा बाबा सेवा समिति के आयोजन में उमड़े श्रद्धालु
- कामदगिरी पीठाधीश्वर ने भक्तों को सुनाई श्रीराम की जीवन गाथा
- साध्वी अमृतानंदमयी ने भी भजनों के साथ कथा सुनाकर मंत्रमुग्ध किया
- गौ रक्षा वाहिनी के द्वारा चलाये जा रहे रोटी बैंक से प्रभावित हुए पीठाधीश्वर
- कहा कि वे अपने पीठ के माध्यम से भी रोटी बैंक चलाने का संकल्प लेते हैं







- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,09 मई 2023 (घटती-घटना)।

पिछले 2 मई से प्रेमाबाग परिसर में चल रही श्रीराम कथा का विश्राम बहुत ही भक्तिमय वातावरण में सोमवार को हुआ,शहर में पहली बार पीठाधीश्वर के आगमन पर सनातन प्रेमियों में भी उत्साह देखने को मिला,वैवाहिक समय होने के बावजूद कथा सुनने शहर समेत दूर दराज और अन्य पड़ोसी जिले से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीराम कथा के साक्षी बने,कथा के अंतिम दिन पूरा पंडाल श्रीराम भक्तों से खचाखच भरा रहा,हवन और भंडारे के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। व्यास पीठ से कामदगिरी पीठाधीश्वर जगतगुरू रामनंदाचार्य स्वामी श्री रामस्वरूपाचार्य जी महराज ने सनातन प्रेमियों को अपने धर्म के लिए आगे आने का आह्वान किया,उन्होने बहुत ही ओजस्वी रूप धारण कर श्रोताओं को पूरे दिन बांधे रखा। रामस्वरूपाचार्य महराज ने धर्म परिवर्तन कराने वाले लोगो को चेतावनी देते हुए व्यास पीठ से कहा कि आज सनातन को मिटाने का षडयंत्र चल रहा है,लेकिन इसे मिटाने वाले खुद मिट जाएंगे,उन्होनें विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखी और बैकुंठपुर शहर में चल रही रोटी बैंक की तरह ही अपने पीठ के द्वारा रोटी बैंक चलाने का संकल्प लिया और गौ रक्षा वाहिनी के कार्यो की सराहना की। इसके पूर्व मंच से मानस समीक्षा साध्वी अमृतानंदमयी ने भी प्रतिदिन की तरह भजनों एवं श्रीराम के जीवनी पर चर्चा करते हुए भक्तों को भाव विभोर कर दिया।



कथा विश्राम दिवस व्यास पीठ से स्वामी रामस्वरूपाचार्य जी महराज ने कहा कि अपना चित्त हमेशा ब्रम्ह से जोड़कर रखना है,जिससे कि शरीर में राक्षस का वास न हो,जब इंसान के विनास का समय आता है तो भगवान की बात भी नही सुनी जाती। उन्होने कहा कि अधर्म को ताकतवर मत बनाओ कथा का तात्पर्य यही है आज अधर्म बहुत बढ गया है,और वास्तविक धर्म पर प्रभाव डाल रहा है। सूर्य और अग्नि प्रत्यक्ष देवता माने गए हैं,पूरे संसार में कोई भी नागरिक सूर्य के प्रकाश के बिना नही रह सकता,अनादिकाल से ही हमारे धर्म में सूर्य का महत्वपूर्ण स्थान है। वेदों मे चंद्रमा का भी बखान है और इसका भी हमाने सनातन मे महत्व है,चंद्रमा सूर्य वरूण हमारे देवता हैं। स्वामी रामस्वरूपाचार्य जी ने कहा कि सभी देवता मिलकर हमारा सहयोग कर रहे हैं,इसके बाद भी सनातन को मिटाने के लिए लोग गांव-गांव घू रहे हैं भोले भाले लोगो को दिग्भ्रमित कर रहे हैं उन्हे अपने जाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन कराना चाह रहे हैं । धर्म परिवर्तन कराने वाले लोगो को उन्होने आड़े हाथ लिया और कहा कि सनातन को मिटाने का जो खेल यह खेल रहे हैं षडयंत्र कर रहे हैं यह एक दिन मिट जाएंगे। सनातन प्रेमियों को जागृत करते हुए कहा कि इसके लिए एक होना पड़ेगा,जो श्रृष्टि का संतुलन बिगाड़ने की कोशिश करेगा उसका अंत तय है। पीठाधीश्वर ने कहा कि महाप्रलय में मरने वाला पानी तक नही पाता,जिस प्रकार कोरोना में लोगो का हाल था सोशल डिस्टेंस चल रहा था,घर वाले भी एक दूसरे से बच रहे थे,मरने वाले व्यक्ति को घर वाले तक नही छू रहे थे। कोरोना के बाद लंबी बीमारी आई लेकिन कोई इंसान उससे प्रभावित नही हुआ,उस बीमारी को गौ माता ने खुद में ले लिया जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि धरती पर कई प्रकार के जीव होने के बाद भी लंपी बीमारी से सिर्फ हमारी गौ माता ही प्रभावित हुई थीं वह सिर्फ इसलिए की गौ माता ही हमारी रक्षक थी। लोगो से गौ रक्षा करने का आह्वान करते हुए कहा कि पालिथीन का उपयोग न करें इसे गौ वंश खाती हैं और उन्हे नुकसान पहुंचता है। व्यास पीठ से उन्होने बैकुंठपुर में गौ रक्षा वाहिनी के द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंशा की और रोटी बैंक से प्रेरणा लेते हुए उसे अपने पीठ के माध्यम से भी चलाने का संकल्प लिया। स्वामी रामस्वरूपाचार्य जी महाराज ने रावण का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि शाम दाम दंड भेद का सदुपयोग करने वाले की सत्ता बनी रहती है जबकि जो इसका दूरूपयोग करता है उसकी सत्ता समाप्त हो जाती है। उन्होने कहा कलयुग में आदमी ही आदमी से नही बोल रहा है, कथाचार्य ने भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का प्रसंग सुनाया और प्रभू श्रीराम सीता और लक्ष्मण की झांकी का तिलक करते हुए कथा का विश्राम किया।

### स्वामी रामस्वरूपाचार्य जी ने समिति अध्यक्ष समेत सदस्यों की सराहना की

कथा व्यास से स्वामी रामस्वरूपाचार्य ने श्रीराम कथा के आयोजन में देवराहा बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष और सदस्यों की जमकर तारीफ की। उन्होने समिति के अध्यक्ष शैलेष शिवहरे के द्वारा कोरोना काल से लेकर समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्या के लिए खूब प्रशंशा की,सारी व्यवस्थाओं के लिए उन्होने खुशी का इजहार किया।

### समिति ने कई विभूतियों का सम्मान किया

श्रीराम कथा के आयोजन में प्रतिदिन आयोजन समिति ने क्षेत्र में विभिन्न विभतियों का सम्मान किया,इसी कड़ी में प्रेमाबाग मंदिर के मुख्य पूजारी देवदत्त त्रिपाठी ,समानता क्रांति संगठन के अध्यक्ष अमिताभ गुप्ता,गौ रक्षा वाहिनी के अध्यक्ष अनुराग दुबे,बबलू जायसवाल,महेश मिश्रा,एकल परिवार के मनोज गुप्ता,खुटरापारा सरपंच सुभाष जी का सम्मान किया गया। कथा विश्राम के बाद कथावाचक की पूरी टीम का आयोजन समिति ने मंच पर सम्मान किया। दिन में हवन और रात्रि में आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में देवराहा बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेष शिवहरे के साथ बसंत राय,आशीष शुक्ला,धनेंद्र मिश्रा,अनिल शर्मा, जय बाजपेयी, राजू गुप्ता, नगरपालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे, राकेश शिवहरे, सुभाष साहू, बृजेन्द्र जायसवाल, मनोज सोनी, पंडित देवदत्त त्रिपाठी, कवि महराज, पंडित कैलाश मिश्रा, कृष्णचंद्र गुप्ता, बीएल सोनी, आशीष शुक्ला, गीता प्रसाद नेमा, मनोज गुप्ता, सुशील शुक्ला, राजेश नामदेव, डब्लू सिंह, अनिल खटिक, अनुराग दुबे, ,रूद्र मिश्रा, अमिताभ गुप्ता, राहुल मिश्रा, शैलेन्द्र शर्मा, अभय दुबे, घनश्याम साहू, रजनीश गुप्ता, आयुष नामदेव, रितिक शिवहरे, दीपक साहू, गिरीश राजपूत, अनुराग तिवारी, समीर जायसवाल, मिंकू सोनी, रिचेश सिंह, रमन गुप्ता, संजय दुबे, आनंद सिंह, कृष्णा, विष्णु, सुभाष सरपंच, बड़कू, गंगा आदि समिति सदस्यों विभिन्न समाज प्रमुखों, संगठनों, प्रशासन, सहयोगकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों का सराहनीय योगदान रहा।

# रियल मैड्रिड बनाम मैनचेस्टर सिटी के बीच मुकाबला आज






**मैड्रिड,09 मई 2023।** मैनचेस्टर सिटी स्पेन की यात्रा करेगी क्योंकि वे चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में रियल मैड्रिड से भिड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मैन सिटी शानदार फॉर्म में है और वे निश्चित रूप से मैड्रिड के चैंपियंस लीग के ताज के लिए खतरा हैं। दूसरी तरफ, मैड्रिड ओसासुना पर कोपा डेल रे की अंतिम जीत के दम पर खेल में उतरेगा। पिछले सीज़न के सेमीफ़ाइनल के रीमैच से सिटी को मौजूदा यूरोपीय चैंपियंस के हाथों अपनी कड़वी हार का बदला लेने का पूरा मौका मिलेगा। पेप गार्डियोला की टीम को लंबे समय तक दो पैरों वाले मामलों में 6-5 से हार का सामना करना पड़ा और मैड्रिड एक निश्चित एरलिंग हलांड के बारे में जानता होगा।

रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी के बीच यूईएफए चैंपियंस लीग का सेमीफाइनल मुकाबला सैंटियागो बर्नब्यू, मैड्रिड में खेला जाएगा। यह मैच बुधवार को 12:30एएम आईएसटी पर खेला जाएगा। रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी के बीच यूईएफए चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल मैच को भारत में सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव देखा जा सकता है। मैच 10 मई, 2023 को 12:30एम आईएसटी से शुरू होगा। भारत में रियल मैड्रिड बनाम मैनचेस्टर सिटी मैच की लाइव स्ट्रीम कैसे देखें?

रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी के बीच यूईएफए चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल मुकाबले को सोनी लिव ऐप पर लाइव-स्ट्रीम किया जा सकता है। मैच 10 मई, 2023 को 1230 एएम आईएसटी से शुरू होगा। रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी के बीच यूईएफए चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल मुकाबले का ब्रिटेन में बीटी स्पोर्ट 1 और बीटी स्पोर्ट अल्टीमेट पर सीधा प्रसारण होगा। फुटबॉल प्रेमी बीटी स्पोर्ट वेबसाइट पर भी मैच को स्ट्रीम कर सकते हैं। मैच बुधवार को यूके में 8:00 पीएमजीएमटी पर शुरू होगा। यूएसए में रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी को सीबीएस स्पोर्ट्स पर लाइव देखा जा सकता है। मैच यूएसए में पैरामाउंट+ पर लाइव स्ट्रीम के लिए उपलब्ध होगा और मैच बुधवार को 3:00एएम ईटी से शुरू होगा।

# एशियन क्रिकेट काउंसिल से पाकिस्तान को बड़ा झटका

### छिनेगी एशिया कप की मेजबानी

**नई दिल्ली,09 मई 2023।** एशियन क्रिकेट काउंसिल ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। एशियन क्रिकेट काउंसिल ने एशिया कप का आयोजन किसी अन्य देश में कराने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एशिया कप को हाइब्रिड मॉडल पर कराए जाने के प्रस्ताव को एसीसी सदस्य देशों ने खारिज कर दिया है। 2 से 17 सितंबर के बीच खेले जाने वाले एशिया कप का आयोजन अब श्रीलंका में हो सकता है। श्रीलंका को मेजबानी के लिए सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है। हालांकि, अभी तक एशियन क्रिकेट काउंसिल की तरफ से एशिया कप 2023 का आयोजन पाकिस्तान से बाहर कराए जाने की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।




दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एसीसी के सामने हाईब्रिड मॉडल का प्रस्ताव रखा था। इस प्रस्ताव के तहत भारत के मैच यूएई में और बाकी मैच कराची या लाहौर में कराने की बात थी। एसीसी के सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार पीसीबी के अध्यक्ष नजम सेठी समर्थन के लिए दुबई पहुंचे। जहां किसी सदस्य देश ने उनके प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया। श्रीलंका पहले से ही बीसीसीआई के साथ है, वहीं अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भी सेठी के प्रस्ताव का विरोध किया है।

बता दें कि बीसीसीआई के सचिव और एशिया क्रिकेट काउंसिल अध्यक्ष जय शाह ने हाल में बयान दिया था कि एशिया कप 2023 में भारतीय टीम के मैच पाकिस्तान की जगह अन्य देश में कराने के पीसीबी के प्रस्ताव पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। वह अन्य देशों से उनका फीडबैक ले रहे हैं। उसी फीडबैक के आधार पर अगला निर्णय लिया जाएगा।

एशिया कप का आयोजन सितंबर में किया जाना है। इस दौरान संयुक्त अरब अमीरात में अत्यधिक उमस होती है। इसके चलते खिलाड़ियों के चोटिल होने का खतरा बना रहता है। इसी वजह से श्रीलंका इस टूर्नामेंट की मेजबानी की दौड़ में सबसे आगे है। बता दें कि इस बार एशिया कप में भारत के अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल को भाग लेना है।

# एमआई को लगा बड़ा झटका

## रोहित का घातक बॉलर हुआ टूर्नामेंट से बाहर

**मुंबई,09 मई 2023।** मुंबई इंडियंस की टीम का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम से होना था लेकिन इस मुकाबले में दोनों टीमों के भिड़ने से पहले मुंबई इंडियंस को बड़ा झटका लगा है। मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर अब बाकी बची हुई लीग से बाहर हो गए है। मुंबई द्वारा खेले गए अब तक के 10 मुकाबलों में से जोफ्रा आर्चर ने पांच मैचों में हिस्सा लिया है। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस के इस धमाकेदार खिलाड़ी की फिटनेस अब तक ठीक नहीं हुई है। ऐसे में वो रिहैब के लिए स्वदेश लौटने वाले है, जिस कारण आईपीएल के शेष मुकाबलों के लिए वो उपस्थित नहीं होंगे।



जोफ्रा आर्चर के लीग से बाहर होने के साथ ही मुंबई इंडियंस ने उनके रिप्लेसमेंट का भी ऐलान कर दिया है।

जोफ्रा आर्चर के बाहर होने के बाद अब टीम के साथ इंग्लिश ऑलराउंडर क्रिस जॉर्डन जुड़ेंगे, जिसे टीम ने 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइज पर शामिल किया है।

# मोहम्मद सिराज के व्यवहार पर इस महिला क्रिकेटर ने उठाए थे सवाल

### अब ट्रोलर्स को भी दिया जवाब

**नई दिल्ली,09 मई 2023।** इंडियन प्रीमियर लीग में हर मुकाबला पैसा वसूल होता जा रहा है। वहीं मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों के बीच भी काफी गर्म माहौल देखने को मिल रहा है। कई बार खिलाड़ी विपक्षी टीम के खिलाड़ी के साथ उलझते हुए दिखाई दे रहे है। इस सीजन में विराट कोहली-गौतम गंभीर-नवीन उल हक की लड़ाई ने काफी सुर्खियां बटोरी थी।

इसी बीच रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने भी मैदान पर दुर्व्यवहार किया था, जिसे लेकर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी शिखा पांडे ने उनका नाम लिए बिना सिराज पर निशाना साधा था। उन्होंने मोहम्मद सिराज की आलोचना की थी। दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स के बीच पिछले मुकाबले में काफी बहस देखने को मिली थी, जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए शिखा पांडे उन्हें आड़े हाथों लिया था।

इस मैच के बाद दरअसल शिखा पांडे ने ट्विट किया था जिसमें लिखा था कि बदज़बानी करने से किसी को कोई भी गेम जीतने में मदद नहीं मिलेगी! बस कह रही हूं..%। वहीं शिखा के इस ट्वीट के बाद रॉयल चैलेंजर्स और मोहम्मद सिराज के फैंस काफी नाराज दिखे थे। उन्होंने शिखा के इस कमेंट की जमकर



आलोचना और विरोध किया था। ट्विटर पर शिखा द्वारा किए गए कमेंट से जबरदस्त खलबली मच गई थी।

### ये था मामला

बता दें कि ये घटना 6 मई को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान हुई थी। इस दौरान मोहम्मद सिराज और फिल सॉल्ट के बीच काफी गहमागहमी हुई थी। दोनों के बीच हुई तूतू मैंमैं के बाद फिल सॉल्ट ने मोहम्मद सिराज को दो छक्के और एक चौका जड़कर मुंहतोड़ जवाब दिया था। माना जा रहा है कि शिखा का ट्वीट इसी संदर्भ में था। फैंस ने शिखा के इस ट्वीट को मोहम्मद सिराज और सॉल्ट के बीच हुई घटना से जोड़कर देखा। इसके साथ ही फैंस ने साफ कर दिया कि उन्हें शिखा द्वारा किए गए बयान अच्छा नहीं लगा है।

### शिखा ने दी सफाई

वहीं फैंस द्वारा लगातार ट्रोल किए जाने के बाद शिखा को इस मामले पर फिर से बयान दिया है। उन्होंने ट्रोलर्स को जवाब देते हुए कहा कि मोहम्मद सिराज की गेंजबाजी की मैं कायल रही हूं। उन्होंने अपने करियर में जो पाया है वो अतुल्नीय, अविश्वसनीय है। जो लोग इस बात को कोई तूल देना चाह रहे हैं वो कहीं और जाएं। उन्होंने साफ किया कि लोग बेवजह ही ये साबित करने में जुटे हैं मैंने मोहम्मद सिराज को लेकर कमेंट किया है बल्कि ऐसा नहीं है।

# जीत के बाद भी फीकी पड़ी केकेआर की खुशी

### बीसीसीआई ने कप्तान नितीश राणा पर जुर्माना

**नई दिल्ली,09 मई 2023।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने खेले गए मुकाबले में पंजाब किंग्स को मात देकर अपनी सीजन की पांचवी जीत हासिल की। इस बेहद करीबी मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को जीत के बाद भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। दरअसल कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नितीश राणा ने मुकाबले में एक गलती कर दी जिस कारण उन्हें भारी जुर्माना उठाना पड़ा है। बीसीसीआई ने नितीश राणा पर स्लो ओवर रेट के कारण जुर्माना लगाया है। आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट को तोड़ने के कारण नितीश राणा को ये सजा मिली है।



कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान पर आरोप है कि उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में धीमी ओवर गति को बनाए रखा था। यानी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम तय समय पर अपने 20 ओवर नहीं डाल सकी। इस देरी का खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा है। बता दें कि न्यूनतम ओवर रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता है। इस आचार संहिता के मुताबिक पहली बार नियमों की अवहेलना करने पर टीम पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाता है। इसी कड़ी में नितीश राणा पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा है।

# विरोध करने वाले पहलवानों को एशियाई खेलों

## 2023 ट्रायल्स में भाग लेने से नहीं रोका जाएगा

**नई दिल्ली,09 मई 2023।** आईओए का तदर्थ पैनल राज्य कुश्ती संघों को एशियाई खेलों के ट्रायल्स में योग्य उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की अनुमति दे सकता है, भले ही वे नई चयन नीति के अनुसार निर्धारित टूर्नामेंटों में से किसी एक में पदक विजेता होने के मानदंडों को पूरा नहीं करते हों। चतुर्भुज महायज्ञ के लिए। एशियाई खेलों के ट्रायल जून के तीसरे सप्ताह में होने की उम्मीद है। अंतिम तिथि इस सप्ताह अधिसूचित की जाएगी।

पिछले साल कोविड-19 के कारण स्थगित हुए एशियाई खेलों का चीनी शहर हांग्जो में 23 सितंबर से आयोजन होना तय है। , फेडरेशन कप और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट, प्रतिभाशाली जूनियर्स के अलावा, ट्रायल्स में प्रतिस्पर्धा करने के लिए। आईओए सूत्रों के मुताबिक, तदर्थ पैनल के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा ने शुरू में ओपन ट्रायल का सुझाव दिया था, लेकिन कोच और रेफरी ने उन्हें सलाह दी कि इसे केवल पदक की संभावनाओं तक सीमित रखा जाए।

यदि ओपन ट्रायल आयोजित किए जाते तो निर्धारित समय में ट्रायल पूरा करना बहुत मुश्किल होता। यह प्रस्तावित किया गया था कि यदि किसी राज्य संघ को लगता है कि उसके पास एक योग्य उम्मीदवार है जो पदक विजेता होने के मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो वह इस तरह से मैदान में उतर सकता है। एशियाई खेलों के ट्रायल में उम्मीदवार, सूत्र ने पीटीआई को बताया। सूत्र ने कहा, अंतिम निर्णय जल्द ही लिया जाएगा। परीक्षण 20 जून के आसपास होने की उम्मीद है। एक या दो दिन में अंतिम तारीख की घोषणा की जाएगी। डब्ल्यूएफआई की 25 राज्य इकाइयां इससे संबद्ध हैं। यदि सभी राज्य संघ तीनों शैलियों में 10 श्रेणियों में से प्रत्येक में अपनी पसंद के उम्मीदवारों को मैदान में उतारते हैं, तो प्रतिभागियों की संख्या में काफी वृद्धि होगी।



मीटिंग में बाजवा, कई रेसलिंग कोच, रैफरी और एसएआई के अधिकारी शामिल हुए। भारतीय कुश्ती महासंघ के दिन-प्रतिदिन के मामलों के प्रबंधन के लिए आईओए द्वारा पैनल के गठन के बाद यह दूसरी ऐसी बैठक थी। बाजवा ने मेरठ में संबंधित लोगों से पहले दौर की चर्चा की थी। विरोध करने वाले पहलवानों को मुकाबला करने से नहीं रोका जाएगा। डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरना दे रहे एलीट पहलवान विनेश फोगट और बजरंग पुनिया को ट्रायल्स में भाग लेने से नहीं रोका जाएगा।

# विद्युत जामवाल की फिल्म आईबी 71 12 मई को दर्शकों के बीच आएगी




अभिनेता विद्युत जामवाल काफी समय से फिल्म आईबी71 को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें अभिनेता अनुपम खेर भी अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि यह विद्युत की प्रोडक्शन कंपनी एक्शन हीरो फिल्म्स की पहली फिल्म है। आईबी71 को सेंसर बोर्ड ने यू/ए सर्टिफिकेट देकर पास कर दिया है। इसका मतलब है कि इस फिल्म को बच्चे बड़ों की निगरानी में देख सकते हैं। यह फिल्म 1 घंटा, 59 मिनट और 37 सेकंड की होगी।

### फिल्म में विशाल जेठवा भी आएंगे नजर

आईबी71 12 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इसमें अनुपम और विद्युत के अलावा विशाल जेठवा भी है। इसका निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संकल्प रेड्डी ने किया है। आईबी71 भारतीय खुफिया एजेंसियों और पाकिस्तानी एजेंसियों के बीच दो मोर्चों पर युद्ध के इर्द-गिर्द घूमती है। विद्युत फिल्म में अंडरकवर एजेंट देव जामवाल की भूमिका अदा करने वाले हैं। आईबी71 के अलावा विद्युत फिल्म शेर सिंह राणा में नजर आने वाले हैं।

आईबी71 इंटेलिजेंस अफसर के खुफिया मिशन पर आधारित है, जो पाकिस्तान में घुसकर उसके इरादों को नेस्तनाबूत कर देता है। इस किरदार को विद्युत जामवाल ने निभाया है। विद्युत जिस तरह के एक्शन करते हैं, उसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म के एक्शन सीन का स्तर क्या होगा। बहरहाल, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में देव जामवाल की भूमिका निभाने के लिए विद्युत को 2.5 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।


फिल्म में अनुपम आईबी चीफ एनएसी अवस्थी की दमदार भूमिका में नजर आएंगे। ट्रेलर में इसकी झलक दिख चुकी है।

आईबी71 को विद्युत के प्रोडक्शन हाउस एक्शन हीरो फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है। विद्युत ने पहली बार किसी फिल्म के प्रोडक्शन का काम भी संभाला है। विद्युत ने 2021 में बॉलीवुड में 10 साल पूरे होने पर अपने प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की थी। उन्होंने आईबी71 की घोषणा कर कहा था कि इसके जरिए वह प्रोडक्शन की दुनिया में एक अद्भुत सफर तय करने जा रहे हैं।

# बेहद स्टाइलिश है सास बहू और फ्लेमिंगो की बहू अंगिरा धर,तस्वीरें देख खुली रह जाएंगी आंखें

वेब सीरीज सास बहू और फ्लमिंगो में अंगिरा धर की एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है. वह बिंदास लाइफ जीती हैं. अंगिरा की रियल लाइफ फोटोज देख आपकी आंखें फटी रह जाएंगी. अंगिरा धर इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी लेटेस्ट फोटोज़ पोस्ट करती रहती हैं. वह बिंदास लाइफ जीती हैं. उनके इंस्टा प्रोफाइल से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है. सास बहू और फ्लेमिंगो में अंगिरा राजस्थानी आउटफिट्स में नजर आई हैं, लेकिन रियल लाइफ में वह बेहद ग्लैमरस हैं. वेस्टर्न ड्रेस में उन्होंने अपनी कई सारी फोटोज पोस्ट की हैं, जिसमें वह बेहद हॉट लग रही हैं. हर लुक में अंगिरा धर कमाल की लग रही हैं. कई फोटोज में उन्होंने अपने परफेक्ट फिगर को फ्लॉन्ट किया है. उनकी कई तस्वीरें ऐसी हैं, जिन पर से आप अपनी नजरें हटा नहीं पाएंगे. वेब सीरीज सास बहू और फ्लमिंगो में अंगिरा धर की एक्टिंग को जमकर सराहा जा रहा है.

अंगीरा धार एक भारतीय फिल्म अभिनेत्री है। वह वेब सीरिज बैंग बाजा बारात में अपने बेहतरीन अभिनय के लिए जानी जाती है। अंगीरा धार का जन्म मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ है। उन्होंने अपनी पढाई मुंबई के स्कूल के से की है, और जेवियर इंस्टिट्यूट से कम्युनिकेशन की पढाई की है। धार ने अपने करियर की शुरुआत चैनल वी के जरिये टीवी प्रोडक्शन से की। इस दौरान उन्होंने प्रोडक्शन सेजुड़ी टेक्निकल स्किल्स, स्क्रिप्ट लिखना, एडिटिंग, शूटिंग आदि का अनुभव लिया। इसके अलावा उन्होंने कैमरे के पीछे बतौर असिस्टेंट निर्देशक के रूप में भी काम किया। टीवी प्रोडक्शन के अलावा अंगीरा कई टीवी कमर्शियल में भी नजर आयीं।वर्ष 2015 में उन्हें वाय फिल्म्स के तहत निर्मित बैंग बाजा बारात में फीमेल लीड की भूमिका ऑफर की गयी, इसमें उन्होंने एक इंडिपेंडेंट लड़की की भूमिका अदा की। बॉलीवुड में उन्होंने आनंद तिवारी निर्देशित फिल्म लव पर स्क्वायर फुट से कदम रखा, इस फिल्म में अंगीरा विक्की कौशल के अपोजिट नजर आयीं थी।






# कैनेडी से अनुराग कश्यप ने साझा कीं सनी लियोनी और राहुल भट्ट की नई तस्वीरें

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और मॉडल सनी लियोनी मौजूदा वक्त में अपनी आने वाली फिल्म कैनेडी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। अनुराग कश्यप के निर्देशन में तैयार हुई फिल्म कैनेडी में सनी के अलावा राहुल भट्ट और अभिलाष थपलियाल भी अहम भूमिकाओं में हैं। इस बीच अनुराग ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कैनेडी से राहुल और सनी की ताजा तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें दोनों कलाकार बेहद अलग अवतार में नजर आ रहे हैं।

अनुराग ने तस्वीरें साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 2 सप्ताह और। कैनेडी का कान्स के लिए काउंटडाउन शुरू हो गया है। गौरतलब है कि कैनेडी कान्स फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीन की जाएगी। यह इकलौती ऐसी हिंदी फिल्म है, जिसे कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। फिल्म की कहानी एक अनिद्रा पीड़ित पुलिसकर्मी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे लंबे समय से मरा हुआ समझा गया है, लेकिन वो अभी भी भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ काम कर रहा है।

कान फिल्म फेस्टिवल 2023 की वॉल पर फिल्म की नई झलकियां सामने आई हैं, जहां राहुल भट और सनी लियोन के नए लुक को फिल्म में आगे देखने के लिए सस्पेंस के बारे में बहुत कुछ बोलते हुए देखा जा सकता है। अपने लंबे बालों और दाढ़ी के साथ राहुल भट बिल्कुल घातक लग रहे हैं।

कैनेडी राहुल भट और सनी लियोन अभिनीत और अनुराग कश्यप द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म है। फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज और गुड बैड फिल्म्स के रंजन सिंह और कबीर आहूजा ने किया है।

फिल्म के डीओपी सिल्वेस्टर फोंसेका हैं और संगीत आशीष नरूला ने आमिर अज़ीज़ और बॉयब्लैंक के साथ बनाया है। फिल्म की एडिटिंग तान्या छाबड़िया और दीपक कटार ने की है। फिल्म का साउंड डिजाइन कुणाल शर्मा और डॉ. अक्षय इंडिकर ने किया है।

# छत्तीसगढ़ में ईडी ने की बड़ी कार्रवाई

## लग्जरी गाडिय़ां, ज्वेलरी और नकद समेत 51.40 करोड़ की संपत्ति जब्त

» आईएएस रानू साहू और सूर्यकांत तिवारी समेत इनकी संपत्ति ईडी ने की कुर्क

रायपुर,09मई 2023(ए)। ईडी ने राज्य में कोयला लेवी वसूली घोटाले में आईएएस रानू साहू , सूर्यकांत तिवारी, देवेंद्र यादव, विधायक, चंद्रदेव प्रसाद राय, विधायक और अन्य की 90 अचल संपत्तियों, लग्जरी वाहनों, आभूषणों और 51.40 करोड़ रुपये की नकदी को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। बता दें कि इस मामले में ईडी ने कुल 221.5 करोड़ रुपए की कुर्की की है। ईडी ने ₹540 करोड़ के कोल घोटाला मामले में ₹25 रूपये प्रति टन कोयले पर कमीशन लेने के आरोप में सभी की संपत्ति अटैच की है। इस मामले में एजेंसी ने पहले ₹170 करोड़ की संपत्ति अटैच की थी। आज 51.40 करोड़ रुपए की नकदी को भी अस्थाई रूप से कुर्क कर लिया है।










### प्रदेश के बड़े हवाला कारोबारियों के घर ईडी की रेड

छत्तीसगढ़ में मनी लांड्रिंग मामले में लगातार ईडी की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आज ईडी की टीम ने प्रदेश की राजधानी रायपुर समेत भिलाई में करीब आधा दर्जन ठिकानों पर दबिश दी।

इस दफे ईडी के निशाने पर छत्तीसगढ़ में हो रहे हवाला कारोबार और हवाला कारोबारी हैं। ईडी की टीम ने राजधानी के सदर बाजार स्थित नाहटा मार्केट और उनसे जुड़े शैलेंद्र नगर स्थित निवास पर छापामार कार्रवाई की है।

इसी तरह भिलाई में भी ईडी की टीम ने दबिश दी है। ऐसी कयास है कि अनवर ढेबर से पूछताछ के बाद जो जानकारियां सामने आई हैं, उसी के आधार पर आज छापेमारी हो रही है।

हालांकि अभी तक ईडी की ओर से किसी प्रकार का कोई बयान सामने नहीं आया है। वहीं आज कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार किए गए कारोबारी अनवर ढेबर को आज रिमांड अवधि समाप्त हो रही है। उन्हें भी आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पहले ईडी ने 14 दिन की रिमांड मांगी थी। मगर कोर्ट ने 4 दिन की ईडी की रिमांड मंजूर की।

### छत्तीसगढ़ में ईडी की छापेमारी का दिखा असर, सरकारी मदिरा दुकानों में ब्रांडेड शराब है गायब, मदिरा प्रेमियों का हाल-बेहाल

केंद्र सरकार की एजेंसी ईडी द्वारा की गई छापेमारी गरियाबंद जिले के शराब प्रेमियों पर भारी पड़ती दिख रही है। छापे की कार्रवाई के बाद से जिले की सरकारी मदिरा दुकानों में बेची जा रही शराब का असर बहुत ही कम हो गया है। मदिरा प्रेमी के मुताबिक शराब का नशा नहीं चढ़ रहा है। नशा नहीं चढ़ने से मदिरा प्रेमी एक के बजाय शराब की दो बोतल खरीद रहे हैं। गरियाबंद के आबकारी विभाग भी स्वीकार कर रहे हैं की दुकानों में ब्रांडेड शराब उपलब्ध नहीं है। हालांकि विभागीय अधिकारी ने आश्वस्त किया है कि एक सप्ताह के अंतराल में लोगों को उनकी पसंद की शराब उपलब्ध होगी।

ईडी ने हवाला कारोबारियों के खिलाफ अपनी पकड़ और मजबूत करते हुए आज जहां दो बड़े कारोबारियों के घर दबिश दी है तो वहीं राज्य में मनी लॉड्रिंग व अन्य मामले में 51.40 करोड़ की संपत्ति जब्त कर ली है।

ईडी ने इसकी जानकारी बकायदा अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर शेयर की है। ईडी के ट्विटर हैंडल पर शेयर की गई जानकारी के अनुसार ईडी ने छत्तीसगढ़ में कोल परिवहन में कथित लेवी और शराब में मनी लांड्रिंग मामले में 51.40 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। इनमें छत्तीसगढ़ के दो कांग्रेसी विधायक देवेन्द्र यादव और चंद्रदेव राय शामिल हैं। इसके अलावा आईएएस रानू साहू व कोयला कारोबारी सूर्यकांत तिवरी की भी संपत्ति अटैच की गई है।

इसके पूर्व ही आज ईडी ने सुबह-सुबह दो बड़े कारोबारियों रवि बजाज और शराब ट्रांसपोर्टर अरविंद सिंह के यहां दबिश दी है। इस जांच में क्या मिला है? इसका खुलासा नहीं किया गया है। दूसरी ओर ईडी सूत्रों का दावा है कि इन दो व्यापारियों से पूछताछ में अरबों के लेनदेन के संबंध में सुराग मिल सकता है।

कारोबारी रवि बजाज व शराब ट्रांसपोर्टर अरविंद सिंह के ठिकानों पर ईडी की दबिश । अवैध उगाही की रकम हवाला के माध्यम से बाहर भेजने के शक में आज ईडी की टीम ने शहर के एक कारोबारी के यहां दबिश दी है। हवाला के माध्यम से अरबों रूपए के लेनदेन के शक में ईडी की जांच जारी है।

# छत्तीसगढ़ सरकार के जन हितैषी फैसलों की पहुंच दूरस्थ अंचल तक

» विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों में जागी आगे बढ़ने की ललक

» बैगा परिवार के लोगों ने छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों की तारीफ की

» सीधी भर्ती में सरकारी नौकरी देने के लिए भेंट-मुलाकात में मुख्यमंत्री श्री बघेल से सीधा संवाद कर जताया आभार



रायपुर,09 मई 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित जन हितैषी फैसलों और कार्यक्रम के कुशल क्रियान्वयन से आम आदमी सहित दूरस्थ अंचल के लोगों को इसका सीधा-सीधा लाभ मिलने लगा है। यहीं वजह है कि प्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवार के लोगों में भी अब आगे बढ़ने की ललक जागी है।

यह वाक्या आज भेंट-मुलाकात अभियान के तहत मुंगेली जिले के अंतर्गत लोरमी विधानसभा के ग्राम खुड़िया में देखने को मिला, जहां मुंगेली जिले के युवाओं और यहां निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवार के युवाओं और हितग्राहियों ने छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों की तारीफ की। युवाओं ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से सीधा संवाद कर कहा कि सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों के बेहतर क्रियान्वयन से आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से हम जैसे पिछड़े समाज में भी आगे बढ़ने की ललक जागी है।

दरअसल मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेट-मुलाकात कार्यक्रम के सिलसिले मे आज लोरमी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खुड़िया पहुँचे थे। उन्होंने जैवविविधता पार्क मे भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा पर मल्यार्पण के बाद छत्तीसगढ़ शासन के विकासमूलक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने वहां कौशल प्रशिक्षण अंतर्गत ट्रेनिंग ले रहे बैगा हितग्राहियों के बारे में फीडबैक लिया। इस दौरान बताया गया कि आदिवासी विकास विभाग के केन्द्रीय क्षेत्रीय योजना के माध्यम से लाइवलीहुड कॉलेज द्वारा 87 बैगा युवाओं को कंप्यूटर ट्रेनिंग, रेशम धागाकरण का प्रशिक्षण, बम्बू शिल्प एवं इलेक्ट्रीशियन का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार एवं रोजगार प्रदाय किया गया।

इस दौरान कंप्यूटर ट्रेनिंग अंतर्गत 08 बैगा हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मुंगेली जिले के 16 बैगा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को शिक्षा विभाग द्वारा नौकरी दिया गया। मुख्यमंत्री महतारी दुलार योजना अंतर्गत कोरोना महामारी में अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों को भविष्य को सवारने के लिए राज्य शासन ने इस योजना में मुंगेली जिले के 3 बच्चो को स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश दिया गया है। सामुदायिक पोषण पुनर्वास केंद्र अंतर्गत कुपोषित बच्चो के सेहत सुधार के लिए शासन की इस योजना के माध्यम से जिले के सुदूर वनांचल रहवासी बैगा बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा खुड़िया सेक्टर के 100 बैगा बच्चों को स्नेह संबल कार्यक्रम द्वारा कुपोषण मुक्त किया गया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल न इस अवसर पर जिले के 5 विभिन्न मछुआ पालन समितियों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय किया। कार्यक्रम में स्क्रीन के माध्यम से शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं नवाचार की प्रदर्शनी लगायी गई थी। इसमें अचानकमार टाइगर रिज़र्व फ्लेक्स एवं स्टैंडी के माध्यम से टाइगर रिज़र्व में संचालित चारागाह विकास योजना, नरवा विकास योजना, गिद्ध संरक्षण योजना का जीवंत प्रदर्शन किया गया।




## पैरा से बना सीएम का पोट्रेट

» गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में हुआ दर्ज

रायपुर,09 मई 2023 (ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बेमेतरा जिले के बेरला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हसदा में आयोजित छत्तीसगढ़ धोबी समाज के महान संत स्वच्छता के जनक गाडगे महाराज की 147 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित प्रदेश स्तरीय जयंती समारोह एवं विशाल सामाजिक महाधिवेशन कार्यक्रम में शामिल हुये। इस आयोजन के दौरान उन्हें पैरा से तैयार किया गया पोट्रेट गिफ्ट किया गया। इसे आशीष परगनिहा एवं मितान क्लब के अन्य सदस्यों द्वारा तैयार किया गया है। यह पैरा से बना सबसे अधिक लंबाई चौड़ाई का पोट्रेट है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री को किसान हितैषी निर्णय लेने एवं प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी के निर्णय की वजह से तिरंगे के रंग के लड्डुओं से तौला गया।20 फीट लंबे और 15 फीट चौड़े का पैरा से बने इस पोट्रेट का नाम गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज है। बता दें कि इससे पहले छत्तीसगढ़ महतारी का ढाई बाय चार फीट का पोट्रेट बनाया गया था।

# आज जारी होंगे छत्तीसगढ़ बोर्ड के परीक्षा परिणाम

रायपुर,09 मई 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं-12वीं बोर्ड की मुख्य परीक्षा परिणाम आज 10 मई को दोपहर 12 बजे जारी किए जाएंगे। बता दें कि स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम परीक्षा परीणामों की घोषणा करेंगे।




बता दें कि छत्तीसगढ़ बोर्ड द्वारा हाई स्कूल और हायर सेकेंड्री की वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन 31 मार्च तक किया गया था। इस बार की दसवीं की परीक्षाओं के लिए 3,37,293 छात्र-छात्राएं और बारहवीं के लिए 3,27,935 स्टूडेंट्स ने फॉर्म भरे थे। परीक्षाओं के आयोजन के बाद इन परीक्षार्थियों की उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य समय पर पूरी कर लिया गया। छत्तीसगढ़ बोर्ड से सीजीबीएसई 10वीं, 12वीं रिजल्ट 2023 को लेकर मिले अपडेट के मुताबिक हाई स्कूल और हायर सेकेंड्री परीक्षाफल की निर्धारित तिथि व समय पर घोषणा के बाद परिणाम और अंक-तालिका देखने के लिए लिंक को आधिकारिक वेबसाइट, रिजल्ट्स. सीजी. एन आई सी.आईएन पर एक्टिव किया जाएगा। परीक्षार्थी अपने रोल नंबर को भरकर सबमिट करके अपना परिणाम और विषयवार प्राप्तांक देख सकेंगे।

## कीर्ति चक्र से सम्मानित होंगे शहीद दीपक भारद्वाज



रायपुर,09 मई 2023 (ए)। नक्सलियों से सीधे मुठभेड़ में 3 अप्रैल 2021 को लोकतंत्र की रक्षा करते हुए शहीद हुए सब इंस्पेक्टर पुलिस दीपक भारद्वाज आज सर्वोच्च सम्मान कीर्ति चक्र से मरणोपरांत नवाजे जायेंगे। यह सम्मान लेने उनके पिता राधेलाल भारद्वाज और परिजन दिल्ली पहुंच गए हैं।आज राष्ट्पति भवन में शक्ति जिले के मालखरोदा तहसील पिहरीद के लाल दीपक भारद्वाज को देश के सर्वोच्च अवार्ड कीर्ति चक्र से सम्मानित किया जा रहा है। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री सभी उपस्थित रहेंगे। कुछ ही देर में इस अवार्ड कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन चैनल में होगा। दीपक के पिता राधे लाल भारद्वाज गुरुजी एवं जिला संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला सक्ती हैं।

### राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच सिल्वर अवार्ड से सम्मानित उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा

## छत्तीसगढ़ के सभी महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन में लाने का प्रयास जारी

रायपुर,09 मई 2023 (ए)। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने उच्च शिक्षा विभाग को ''प्रोजेक्ट असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन'' में राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच सिल्वर अवार्ड से सम्मानित होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दिशा-निर्देश में उच्च शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए किए गए प्रयासों के कारण छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर यह अवार्ड प्रदान किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग का यह प्रयास है कि छत्तीसगढ़ के सभी महाविद्यालयों को नैक एक्रेडिटेशन में लाया जाए, इसके लिए मिशन मोड पर कार्य किया जा रहा है। पटेल ने इस उपलब्धि के लिए उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



गौरतलब है कि उच्च शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नैक के द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदण्डों के अनुरूप शैक्षणिक अधोसंरचना एवं अकादमिक स्तर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड पर नैक से संबद्धता प्राप्त करने का अभियान प्रारंभ किया गया है। प्रदेश के कुल 211 अहर्ता प्राप्त शासकीय महाविद्यालयों में से 197 शासकीय महाविद्यालयों का नैक से मूल्यांकन कराकर छत्तीसगढ़ देश में सर्वोच्च स्थान पर है। जून 2020 में मात्र 32 शासकीय महाविद्यालय नैक से मूल्यांकित थे।

## दंतेवाड़ा के अरनपुर हमले को अंजाम देने वाले दो और नक्सली गिरफ्तार

दंतेवाड़ा ,09 मई 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ के नक्सली जिलों ने नक्सलियों का आतंक लगातार जारी है। इसी बीच खबर मिली है कि पिछले महीने दंतेवाड़ा के अरनपुर इलाके में एक भीषण नक्सली हमले में डीआरजी के 11 जवान शहीद हो गए थे। इस घटना के बाद पुलिस ने हमले के आरोपी नक्सलियों की धरपकड़ शुरू कर दी थी। पुलिस और सुरक्षा बलों ने पहले जहाँ 7 नक्सलियों को गिरफ्तार किया था तो वही मंगलवार को हमले के आरोपी दो और नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया हैं। इस तरह अबतक 9 माओवादी पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं। बताया जा रहा हैं की अभी जिन नक्सलियों को हिरासत में लिया गया हैं वह दोनों स्थानीय संगठन से जुड़े हुए है। दोनों मलांगीर कमिटी के सदस्य बताये जा रहे हैं।



दंतेवाड़ा के इस हमले में डीआरजी के जवानों को निशाना बनाया गया था। इस हमले में वाहन के ड्रायवर और 10 डीआरजी के जवान शहीद हो गए थे। हमले के लिए नक्सलियों ने पुख्ता तैयारी की थी। इस भीषण विस्फोट के लिए 50 किलो आईईडी का इस्तेमाल किया गया था। विस्फोट के ठीक बाद नक्सलियों ने फायरिंग भी की थी। घटना की जांच में इस बात का खुलासा हुआ था की नक्सलियों ने हमले में बाल संघम के सदस्यों को भी शामिल किया था।



## मुख्यमंत्री बघेल ने सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मृत्यु पर जताया दुख

» चार-चार लाख रूपए मुवाअजे का किया ऐलान

रायपुर ,09 मई 2023 (ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बास्तानार में हुए सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मृत्यु पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने इस दुर्घटना में मृतक महिलाओं के परिजनों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है।मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारजनों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने एवं घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश जिला प्रशासन के अधिकारियों को दिये हैं। हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों का डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

## युवकों को बाइक में स्टंट करना पड़ा भारी



### पुलिस ने सिखाया सबक

रायपुर ,09 मई 2023 (ए)। राजधानी पुलिस ने बाइक पर स्टंट करने वालो युवकों को हिरासत में लेकर सबक सिखाया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

रायपुर की सड़कों पर कुछ युवकों को बाइक पर स्टंट करना महंगा पड़ गया। पुलिस ने चलती बाइक पर स्टंट करते और शर्ट उतारते युवक को हिरासत लेकर, उससे कान पकड़कर उठक-बैठक करवाई। इसके साथ ही युवक का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर भी किया है, इंटरनेट पर ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।



## पूर्व आईएएस एमके राउत बने रेडक्रॉस सोसाइटी के सीईओ सह महासचिव

रायपुर ,09 मई 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ के रिटायर्ड आईएएस और पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त एमके राउत को रेडक्रॉस सोसाइटी का मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह महासचिव भारतीय रेडक्रॉस छत्तीसगढ़ नियुक्त किया गया है. राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के सचिव अमृत खलखो ने इस संबंध में आदेश जारी किया है. राज्य के पूर्व सीनियर आईएएस राउत का पिछले साल नवंबर महीने में मुख्य सूचना आयुक्त का कार्यकाल समाप्त हुआ था.इसके बाद उन्हें रेडक्रॉस सोसाइटी के सीईओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है. बता दें कि राज्यपाल रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष होते हैं. राउत उनके अधीन सोसाइटी की गतिविधियों का संचालन करेंगे. राउत के अधीन भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष व सचिव काम करेंगे. पहली बार इस पद का गठन किया गया है.

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)